## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** तिलहर थाना के उप निरीक्षक प्रमोद कुमार ने अभियुक्त नदीम निवासी दिलाजाक थाना तिलहर का कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। वह एक मुकदमे में फरार चल रहा था। पुलिस वारंट के आधार पर अभियुक्त नदीम को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त पर पहले से विभिन्न धाराओं के मुकदमे दर्ज है।

### मेडिकल कालेज से बाइक चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा थाना क्षेत्र के गांव उदियापुर निवासी राधा कृष्ण ने चौक कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि मेडिकल कालेज में सफाई कर्मचारी के पद पर है। 14 मार्च की सुबह सात बजे वह अपनी ड्यूटी पर आए और मेडिकल कालेज परिसर में बाइक खड़ी कर दी। वह डियूटी करके वापस आए तो बाइक गायब मिली। उन्होंने बाइक को तलाश किया और नहीं मिली। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस चोरी गई बाइक की तलाश कर रही है।

### झोपड़ी में आग लगाने पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कांट थाना क्षेत्र के गांव बाबरपुर निवासी सुशांत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 24 फरवरी की रात में 12 बजे उनके घर के सामने डाली गई झोपड़ी में गांव के कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर आग लगा दी है। उन्होंने शोर मचाया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। आग लगने से झोपड़ी में रखा घरेलू सामान जल गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### संविदा परिचालक की सेवाएं समाप्त

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** परिवहन निगम के चेकिंग स्टाफ ने विगत दिनों शाहजहांपुर से फर्रुखाबाद जा रही अनुबंधित बस को रास्ते में चेक किया। बस में परिचालक मंजू रानी थी। चेकिंग स्टाफ टीम ने बस के अंदर छह सवारियां बिना टिकट पकड़ी थी। टीम ने एआरएम को रिपोर्ट दी थी। संविदा परिचालक से स्पष्टीकरण मांगा गया। एआरएम अरुण कुमार ने संविदा महिला परिचालक की सेवाएं समाप्त कर दी है।

# भाजपा की जिला कार्यसमिति घोषित

## विधानसभा चुनाव को देखते हुए एक साल बाद बनी नई टीम, 8 उपाध्यक्ष और 3 महामंत्री बने

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए भाजपा ने करीब एक साल बाद जिले की कार्यसमिति की घोषणा कर दी है। नई कमेटी में विभिन्न पदों पर नियुक्तियां करते हुए संगठन को मजबूत करने की कोशिश की गई है। इसमें आठ जिला उपाध्यक्ष, तीन जिला महामंत्री, आठ जिला मंत्री और एक कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जानकारी के अनुसार 17 मार्च 2025 को केसी मिश्रा को जिलाध्यक्ष और शिल्पी गुप्ता को महानगर अध्यक्ष बनाया गया था, लेकिन इसके बाद जिला कमेटी का गठन नहीं हो पाया था। अब प्रदेश स्तर पर बदलाव के बाद जिले की कमेटी को अंतिम रूप दिया गया है। घोषित सूची में रोहित सिंह, विजय मोहन मिश्रा, विनायक अग्रवाल, जितेंद्र प्रताप सिंह, रजनी सिंह, अरुण शुक्ला, सत्यपाल कोरी और प्रशांत पटेल को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं सौरभ सिंह सोमवंशी, अरुण यादव और सतेंद्र यादव को जिला महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। जिला मंत्री पद पर मंजू आनंद, सपना कश्यप, लता सिंह और सरिता भास्कर के साथ जीवेंद्र गुप्ता, सुखदेव सिंह, सर्वेश वर्मा लोधी और विपिन शुक्ला को शामिल किया गया है। कोषाध्यक्ष का दायित्व संजीव बंसल को सौंपा गया है। जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष की संस्तुति के बाद यह कार्यसमिति घोषित की गई है, जिसमें सभी वर्गों को ध्यान में रखकर प्रतिनिधित्व दिया गया है।



जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा के साथ नवनियुक्त भाजपा जिला उपाध्यक्ष। ● अमृत विचार

### पार्षदों का भाजपा कार्यालय पर किया गया स्वागत

शासन से नामित पार्षदों का मंगलवार को रेती रोड स्थित भाजपा कार्यालय पर फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। नामित पार्षदों ने पूरी निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करते हुए क्षेत्र की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने नवनिर्वाचित पार्षदों का पटका पहनाकर व पुष्प भेंटकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सभी पार्षद जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए विकास कार्यों को गति दें और सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करें। भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र पर कार्य करते हुए समाज के हर वर्ग तक विकास पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर प्रदीप पांडेय, अंशुल चौहान, अनिल वाजपेयी बाण, मुकेश राठौर, श्याम बाबू दीक्षित, श्रीदत्त शुक्ला आदि मौजूद रहे।

● महिला पदाधिकारियों को भी कमेटी में मिला उचित स्थान

### यह चेहरे बने हैं नामित पार्षद

राज्यपाल ने शाहजहांपुर नगर निगम के लिए नौ पार्षद नामित किए हैं। नामित पार्षदों में मोहल्ला बिजलीपुरा निवासी अल्पना श्रीवास्तव, सेठ कालीचरन रोड निवासी पूनम मेहरोत्रा, न्यू चर्च कॉलोनी निवासी राम निवास वाल्मीकि, चमकनी गाड़ीपुरा निवासी राकेश वर्मा हैं। इनके अलावा चौक आला खां निवासी संदीप वर्मा, सरायकाइयां के पंकज गुप्ता उर्फ अजीत, तेल टंकी के राजेंद्र सिंह, भाटनटोला के अनुज वर्मा, बाडूजई पेशावरी के आशीष शुक्ला और चमकनी गाड़ीपुरा निवासी रामसनेही राठौर शामिल हैं।

### नगर पालिका में पांच सदस्य नामित

**तिलहर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम के तहत नगर में दो महिलाओं सहित पांच लोगों को सदस्य नामित किया गया है। इसमें पंजाबी कॉलोनी निवासी स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर सविता रानी, मोहल्ला नई बस्ती निवासी भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष रहे स्व. राजीव राठौर की पत्नी विमलेश, मोहल्ला निजामगंज निवासी अधिवक्ता आशीष कुमार शर्मा, मोहल्ला मौजमपुर कॉलोनी निवासी पवन कुमार और मोहल्ला बहादुरगंज निवासी सेठी कश्यप को सदस्य बनाया गया है। इन लोगों के नामित होने पर भाजपा नगर अध्यक्ष साहू रोहित गुप्ता, पूर्व चेयरमैन देवेंद्र गुप्ता, पूर्व ब्लाक प्रमुख अभिनव शर्मा वीरू, सौरभ गुप्ता रवि, संदीप रस्तोगी, अभिषेक सिंह, सतेंद्र सिंह सहित अन्य कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने खुशी जताई है।

# आज से होगा यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● जिले में 6 केंद्रों पर 4 लाख 61 हजार 333 कापियां जांची जाएंगी

**अमृत विचार :** जिले में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 18 मार्च से शुरू होगा। मंगलवार को डीआईओएस हरिवंश कुमार ने सभी छह मूल्यांकन केंद्रों के उप नियंत्रकों की बैठक ली। जिसमें मूल्यांकन कार्य से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। यह प्रक्रिया 1 अप्रैल तक चलेगी। जिले में इसके लिए छह मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं।

यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 12 मार्च को समाप्त हो गई थीं। इसके बाद अब मूल्यांकन प्रक्रिया शुरू की जा रही है। मंगलवार से विभिन्न केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाएं पहुंचनी शुरू हो गई हैं। बैठक में डीआईओएस ने बताया कि मूल्यांकन प्रक्रिया को पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। जिले के छह मूल्यांकन केंद्रों में से दो पर हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होगा, जबकि शेष चार केंद्रों पर इंटरमीडिएट की कॉपियां जांची जाएंगी। मूल्यांकन कार्य की पूरी प्रक्रिया सीसीटीवी की निगरानी में संपन्न होगी। जिससे सतत निगरानी सुनिश्चित की जा सके।

सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रत्येक मूल्यांकन केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे। केंद्रों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस और सुरक्षाकर्मी भी मौजूद रहेंगे। डीआईओएस ने बताया कि मूल्यांकन कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

### स्वास्थ्य मेले में 605 मरीजों का किया परीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** वरुण अर्जुन यूनिवर्सिटी, वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज और रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से 17 मार्च 2026 को जलालाबाद क्षेत्र के ग्राम चौक मनोरथपुर शाह सोवारी में मुफ्त स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। शिविर में 605 मरीजों का पंजीकरण हुआ, जिनमें 10 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया, जिनका ऑपरेशन अस्पताल में निशुल्क किया जाएगा। 110 मरीजों की ब्लड शुगर और 115 मरीजों की ब्लड प्रेशर जांच की गई तथा 564 मरीजों को मुफ्त दवाएं वितरित की गईं। साथ ही एमआरआई, सीटी स्कैन सहित अन्य जांचों के लिए छूट कूपन दिए गए।

# पुलिस चौकी के पीछे बंद कर दिया रास्ता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** रेल प्रशासन ने पुलिस चौकी अशफाक नगर के पीछे प्लेटफार्म एक पर आने-जाने वाला रास्ता बंद कर दिया। इस वजह से यात्रियों को दिक्कत हो रही है। यात्री जान जोखिम डालकर पुल पर चढ़कर पार कर रहे है। इसी प्रकार रेलवे लाइन के किनारे जाने से हादसा का खतरा बना रहता है। लोगों ने मांग की है कि दिन के समय रास्ता खोला जाए।

रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म एक पर आने-जाने के लिए पुलिस चौकी अशफाक नगर के पीछे से रास्ता है। इसी प्रकार यात्री जेटीवीएस से टिकट लेकर यात्री शार्टकट पुल की सीढ़ियों पर चढ़कर प्लेटफार्म एक आ जाता था। ट्रेन से उतरने वाले व्यक्ति इसी रास्ते से रोडवेज बस अड्डे पर पहुच जाता था।

पहले यह रास्ता सुबह 6 बजे से रात 8 बजे तक खुला रहता था। रेल प्रशासन ने दो माह से इस रास्ते को बंद कर दिया है। रेल कर्मचारियों को जरूरत होती है तो गेट का ताला खोल देते है। इस रास्ते से बंद को बंद कर देने से लोग रास्ते के पड़ोस में बने पुल की रेलिंग पर चढ़कर पार करते है। कुछ यात्री जान जोखिम में डालकर रेलवे लाइन के किनारे-किनारे बस अड्डे पर जाते है। किसी दिन हादसा हो सकता है। जेटीवीएस टिकट लेकर काफी घूमकर प्लेटफार्म पर आना पड़ता है। शहर के व्यापारी संजय सेठी, रामऔतार आदि ने रेलवे के जीएम और डीआरएम से मांग की है कि पहले की तरह यह रास्ता खोला जाए।



प्लेटफार्म एक पर जाने का रास्ता बंद करने से दिक्कत बढ़ी। ● अमृत विचार

### शांतिपूर्ण संपन्न हुई आरक्षी पुलिस प्रशिक्षण परीक्षा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** आरक्षी नागरिक पुलिस आधारभूत प्रशिक्षण की लिखित परीक्षा हुई। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। एएसपी ग्रामीण भंवरे दीक्षा ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण वातावरण संपन्न कराई जाए। इस दौरान परीक्षा की निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए प्रश्न पत्रों का सुरक्षित वितरण, ओएमआर शीट की उपलब्धता तथा परीक्षा उपरांत उनके सुरक्षित संधारण की प्रक्रिया को कड़ाई से नियंत्रित किया गया है। परीक्षा केन्द्र पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए प्रशिक्षुओं के प्रवेश के समय सघन तलाशी ली गई। परीक्षा कक्षों में मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट आदि प्रतिबंधित सामग्री पर पूर्णतया रोक लगाई गई है।

# बुखार, खांसी व जुकाम के मरीज बढ़े

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** होली के बाद मौसम बदलने से लोगों को बीमारी होने लगी। मेडिकल कॉलेज में बुखार, खांसी और जुकाम के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। डॉक्टर कक्ष, पर्चा काउंटर और दवा वितरण काउंटर पर मरीजों की लंबी लाइन लग जाती है। वायरल बुखार, खांसी और जुकाम के मरीजों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है।

राजकीय मेडिक कॉलेज में पांच पर्चा काउंअर और पांच दवा काउंटर है। पर्चा काउंटर पर सुबह नौ बजे से भीड़ लग जाती है। पर्चा बनवाने के लिए मरीजों की काफी लंबी लाइन लग जाती है। इसी प्रकार डॉक्टरों के कक्ष के बाहर भी मरीजों की भीड़ रहती है ओर काफी देर में नंबर आ जाता है। दवा के पांच काउंटरों पर भी भीड़ रहती है। पंचा काउंटर पर शनिवार को 1200 पर्चे, सोमवार को 1400 पर्चे और मंगलवार को 1500 बने है। जबकि होली से पहले रोजाना करीब 1100 पर्चे बनते थे। करीब 60 फीसदी बीमारी मौसम के बदलाव के कारण बढ़ी है। फिजीशियन डाक्टर के कक्ष के बाहर मरीजों की अधिक भीड़ रहती है। बाल रोग कक्ष के बाहर भी मरीजों की भीड़ लगी रहती है। अधिकांश मरीज खांसी, बुखार, सिरदर्द और बुखार के आ रहे है। वहीं खून की जांच कराने के लिए भी मरीजों को ब्लड लैब में भीड़ लगी रहती है। सीएमएस डा सरोज कुमार ने बताया कि मौसम बदलने के कारण खांसी, जुकाम और वायरल बुखार के मरीज अधिक आ रहे है। इस लिए लोगों को बदलते मौसम में सावधानी बरतने की जरूरत है।



मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों के कक्ष के बाहर मरीजों की लगी भीड़। ● अमृत विचार

● मेडिकल कॉलेज में पर्चा काउंटर पर रही भारी भीड़

# मदरसों में निःशुल्क पुस्तकें न मिलने से संचालक नाराज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● मदरसों के साथ भेदभाव करने का आरोप, बीएसए को भेजा पत्र

**अमृत विचार :** जनपद में कक्षा एक से आठ तक निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकों का वितरण किया जा रहा है, लेकिन मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को अब तक पुस्तकें नसीब नहीं हुई हैं। अरबी-फारसी मदारिस एसोसिएशन के अध्यक्ष इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजकर मदरसा संचालकों को किताबें न दिए जाने की शिकायत दर्ज कराई है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष का कहना है कि शासन द्वारा सभी बच्चों को समान रूप से निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें उपलब्ध कराने के निर्देश हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर मदरसों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसी मदरसा संचालकों को अब तक किताबें नहीं मिल पाई हैं। पत्र में उल्लेख किया गया है कि खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर रविंद्र सिंह द्वारा यह कहा गया कि पहले प्राथमिकता बेसिक स्कूलों को दी जाएगी, उसके बाद अनुदानित विद्यालयों को और यदि पुस्तकें बचती हैं तो मदरसों को दी जाएंगी। इस कथन को एसोसिएशन ने अनुचित और भेदभावपूर्ण बताते हुए कड़ी आपत्ति जताई है। एसोसिएशन ने मांग की है कि मदरसों को भी अन्य विद्यालयों की तरह समान प्राथमिकता के आधार पर पाठ्य-पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएं, ताकि वहां अध्ययनरत छात्र-छात्राएं शिक्षा से वंचित न रहें।

### युवती को भगा ले जाने का आरोप

**पुवायां, अमृत विचारः** क्षेत्र में एक युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने और घर से लाखों रुपये के जेवर व नकदी गायब होने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने कई लोगों पर साजिश के तहत घटना को अंजाम देने का आरोप लगाते हुए थाना पुवायां में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

दर्ज रिपोर्ट के अनुसार 9 मार्च 2026 की सुबह करीब 10 बजे आरोपियों ने पीड़ित की पुत्री को अपने झांसे में लेकर घर से बुला लिया। आरोप है कि युवती अपने साथ घर में रखे लगभग 20 तोला सोने के आभूषण और करीब 4.80 लाख रुपये नकद भी लेकर चली गई। पीड़ित का कहना है कि पुवायां पहुंचने पर पहले से मौजूद कुछ अन्य लोग भी आरोपियों से मिल गए और सभी ने मिलकर योजनाबद्ध तरीके से युवती को गायब कर दिया।

# यूजीसी के समर्थन में निकाला कैंडल मार्च

● अच्छे नंबरों के बाद भी साक्षात्कार में जानबूझकर फेल करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** यूजीसी के समर्थन में प्रबुद्ध चेतना समिति के तत्वावधान में बीती शाम कैंडिल मार्च का आयोजन किया गया।

संयोजक जगदीश चंद्रा व अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र मोहन ज्ञान के नेतृत्व में विभिन्न विद्यालयों के छात्र खिरनी बाग़ के रामलीला मैदान में एकत्र हुए। उन्होंने हाथों में मोमबत्तियां लेकर जीआईसी चौराहा के शहीद स्तंभ तक कैंडिल मार्च कर स्तंभ पर मोमबत्तियां जलाईं। इस अवसर पर सुरेश पाल सिंह एडवोकेट व शिक्षक नेता सियाराम दिनकर ने कहा कि एससी एसटी छात्र अपनी लगन और परिश्रम से तमाम विभागों में लिखित परीक्षाएं अच्छे नंबर लाने के बावजूद मौखिक साक्षात्कार में जानबूझकर फेल कर दिए जाते हैं।

कैंडिल मार्च में संयोजक जगदीश चंद्रा, विजय पाल, मोहित कुमार, अतुल कुमार, विपिन गौतम, निर्देश कुमार, सुरजीत सिंह, मंगल सिंह, संजीव कुमार व नीरज कुमार सहित तमाम छात्रों ने भाग लिया।



यूजीसी के समर्थन में कैंडल मार्च निकालते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# परामर्श केंद्र पर दो दंपती में कराया समझौता

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पुलिस लाइन में परिवार परामर्श केंद्र पर 15 पत्रावली की सुनवाई की गई। इसमें दो दंपती के बीच समझौता हुआ। दोनों को केंद्र से विदा किया गया।

थाना सेहरामऊ दक्षिणी के एक दंपती की शादी नौ वर्ष पूर्व हुई थी। महिला पांच माह से अपने मायके मे रह रही थी। आवेदिका अपने मायके फोन पर बात किया करती थी। इसी बात को लेकर पति पत्नी दोनों के मध्य कहासुनी हो गई थी। इस कारण महिला अपने मायके चली आयी थी। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया और दोनों पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई और समझाया-बुझाया गया। दोनों पक्ष एक-दूसरे के साथ रहने को तैयार है। दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है। इसी प्रकार खुटार क्षेत्र के एक दम्पति जिनकी शादी 16 वर्ष पूर्व हुई थी। महिला एक माह से अपने मायके मे रह रही थी। महिला दवाई लेने के उपरान्त अपने मायके बहन के घर चली गयी थी, जिस कारण महिला व उसकी सास के मध्य कहासुनी हो गयी थी, जिस कारण महिला अपने मायके चली आई थी। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया और दोनों पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई। दोनो पक्ष एक-दूसरे के साथ रहने को तैयार हो गए। दोनों पक्षों को सकुशल विदा किया गया। इस मौके पर परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी उप निरीक्षक मधु यादव, महिला मुख्य आरक्षी चन्द्रकान्ता शर्मा, महिला सिपाही मोनिका कुमारी आदि मौजूद रहे।

# 3000 मीटर दौड़ में आशा ने मारी बाजी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिला खेल कार्यालय स्पोर्ट्स स्टेडियम द्वारा जिला स्तरीय जूनियर बालक एवं बालिका एथलेटिक्स एवं जूडो प्रतियोगिता डॉ. सुदामा प्रसाद विद्यास्थली में संपन्न हुई। शुभारंभ जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। एथलेटिक्स एवं जूडो प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों के परिणाम इस प्रकार रहे।

डीएसओ ने बताया कि जूडो बालिका 36 किग्रा वर्ग में अदीबा फाातिमा, 40 किग्रा वर्ग में काव्या गुप्ता व प्रिया द्वितीय प्रथम रही। 44 किग्रा में अंशिका गंगवार प्रथम व अंजलि द्वितीय रही। 48 किग्रा वर्ग में श्रद्धा सिंह प्रथम रही। निर्णायक मंडल में अजीम हुसैन, तरन्नुम खान, संजू प्रताप सिंह, सतनाम सिंह, चित्रवीर सिंह थे। 100 मीटर दौड़ में शिवानी वर्मा प्रथम, राधिका द्वितीय, सिमरन तृतीय रही। 200 मीटर दौड़ में राधिका प्रथम, अंजलि द्वितीय, भवना तृतीय रही। 400 मीटर दौड़ में अंजलि प्रथम, प्रांजलि द्वितीय, भावना तृतीय रही। 800 मीटर दौड़ में आशा प्रथम, प्रांजलि द्वितीय, निहारिका तृतीय रही। 1500 मीटर दौड़ में नेहा प्रथम, निहारिका द्वितीय, मानवी वर्मा तृतीय रही। 3000 मीटर दौड़ में आशा प्रथम, नेहा द्वितीय, रागिनी तृतीय रही। इसके अलावा लंबी कूद में शिवानी, श्रेया, कावेरी, ऊंची कूद में शैल्वी, श्रेया यादव, जोहरा आदि क्रमश प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय रहे।

प्रतियोगिता समापन पर जिला कबड्डी संघ के सचिव नेशनल रेफरी गोल्ड मेडलिस्ट सीनियर कबड्डी प्रतियोगिता राहुल तोमर ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया। प्रतियोगिता में लगभग 80 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर पंकज सक्सेना, निशांत चौधरी, अजय पाल वर्मा, मुजाहिद अली, इरफान खान, शकील अहमद, महजबी, वंदना सैनी, सचिन प्रेमी, अनूप मिश्रा, सुशील भारती, सौरभ, सुनील सिंह, अरुण कुमार, निर्भय सिंह, कुलदीप कुमार, अजीम हुसैन, तरन्नुम खान, संजू प्रताप सिंह, सतनाम सिंह, चित्र वीर सिंह, रूबी देवी आदि मौजूद रहे।



जिला स्तरीय जूनियर बालक एवं बालिका एथलेटिक्स एवं जूडो प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरण्स करते डीएसओ।

● डॉ. सुदामा प्रसाद विद्यास्थली हुई प्रतियोगिताएं, विजेता पुरस्कृत

### घरेलू गैस सिलेंडर का प्रयोग करने पर रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** लखीमपुर खीरी जिले के कोतवाली सदर के मोहल्ला पटेलनगर निवासी आलोक कुमार सिंह ने चौक कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि पूर्ति निरीक्षक के पद पर कार्यरत है। रविवार को पूर्ति निरीक्षक को सूचना मिली कि मोहल्ला महमंद गढ़ी में आरके रेस्टोरेंट के नाम से दुकान है। जहां घरेलू गैस सिलिंडर का उपयोग हो रहा है। उन्होंने रेस्टोरेंट पर छापा मारा। रेस्टोरेंट पर घरेलू गैस सिलिंडर से चाय आदि बन रही थी, जो इंडियन गैस कंपनी का सिलिंडर है। उन्होंने दोनों घरेलू गैस सिलिंडर को जब्त कर लिया। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्ववनी कुमार सिंह ने बताया कि रेस्टोरेंट स्वामी जावेद अली निवासी सिंजई चौक कोतवाली के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# मेला स्थल पर दुकान निर्माण का विरोध, ज्ञापन सौंपा

संवाददाता तिलहर

**अमृत विचार :** होली मिलन मेला आयोजित करने वाली समिति के सदस्यों ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सत्येंद्र प्रकाश से मुलाकात कर मेला स्थल पर प्रस्तावित दुकानों का निर्माण न कराने की मांग की।

समिति की ओर से ज्ञापन देकर बताया गया कि नगर पालिका के गांधी ग्राउंड में 14 दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है, जबकि इसी स्थान पर कई वर्षों से होली मिलन मेला आयोजित होता आ रहा है। व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि ने नाराजगी जताते हुए कहा कि नगर पालिका मैदान पर होली मिलन के अलावा अन्य सामाजिक कार्यक्रम भी होते रहे हैं और यदि यहां दुकानें बन जाती हैं तो ऐसे आयोजनों में बाधा उत्पन्न होगी। उन्होंने दुकानों का निर्माण किसी अन्य स्थान पर कराने की मांग की। इस दौरान मिश्रा गुट के नगराध्यक्ष हितेश गुप्ता रिंकू, सभासद संदीप रस्तोगी, सुशील सिंह, अभिषेक सिंह, सादिक, अकरम पाला, छोटू खां, कयूम खां आदि मौजूद रहे।

### नगर निगम कार्यालय में हुई जन सुनवाई

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई की गई। इसमें नगर क्षेत्र के लोगों ने साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित समस्याओं को रखा। जन सुनवाई में नगर क्षेत्र से प्राप्त समस्याओं-को गंभीरता से सुना व का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों को प्राथमिकता पर जन-सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुए समय निस्तारण कराया जाये।

### घर में घुसकर महिला व बच्चों से मारपीट

**पुवायां, अमृत विचार :** पीड़िता अनीता देवी पत्नी जयपाल सिंह ने बताया कि 5 मार्च 2026 की सुबह करीब 9 :30 बजे गांव के ही गोविंद सिंह का उसके पुत्र सोनू से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसी रंजिश के चलते गोविंद सिंह घर के सामने गाली–गलौज करता हुआ निकला। जब उनके बेटे और बेटी ने गाली देने से मना किया, तो वह नाराज हो गया। आरोप है कि इसके बाद गोविंद सिंह अपने परिवार के तीन लोगों के साथ मिलकर उनके घर में घुस आया और मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान पीड़िता की बेटी पूजा और बेटे अमन को भी पीटा गया, जिससे उन्हें चोटें आईं।



| इफ्तार | सहरी |
|---|---|
| बुधवार | गुरुवार |
| सुन्नी : 6:25 | सुन्नी : 4:52 |
| शिया : 6:32 | शिया : 4:48 |

## न्यूज ब्रीफ

### छह घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**जैतीपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र में बुधवार 18 मार्च को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। अवर अभियंता अजीत कुमार ने बताया कि 33/11 केवी उपकेंद्र जैतीपुर पर 33 केवी कंट्रोल पैनल स्थापित करने और वायरिंग कार्य के कारण बिजली आपूर्ति रोकी जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से इस दौरान सहयोग और धैर्य बनाए रखने की अपील की है।

### तहसील के जनरेटर कक्ष में लगी आग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के सामने तहसील सदर है। तहसील के मुख्य गेट के पास जनरेटर कक्ष बना हुआ है। रात में करीब साढ़े 11 बजे जनरेटर कक्ष में अचानक आग लग गई। चौकीदार और तहसील परिसर में रह रहे कर्मचारियों ने अधिकारी को आग लगने की सूचना दी। आग लगने की सूचना पर चौक कोतवाली पुलिस भी पहुंच गयी। पुलिस ने अग्निशमन कार्यालय को सूचना दी गई। दमकल की एक गाड़ी तहसील में पहुंची और एक घंटे में आग पर काबू पा लिया, जिससे कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। कार्यालय में आग पहुंचने पर दस्तावेज जल सकते थे।

### मालगाड़ी से कटकर व्यक्ति की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रामप्रसाद बिस्मिल और रोजा के बीच रेलवे फाटक पर मालगाड़ी की चपेट में आकर व्यक्ति की मौत हो गयी। सोमवार की शाम रोजा से लखनऊ की ओर एक मालगाड़ी जा रही थी। रेलवे फाटक संख्या 316 पर रेल लाइन पर पार करते समय मालगाड़ी की चपेट में आकर व्यक्ति की कटकर मौत हो गयी। मृतक की उम्र 50 साल है। जीआरपी ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया और शव की शिनाख्त नहीं हो पायी है। जीआरपी ने अज्ञात शव को पोस्टमार्टम कराया।

# ड्रोन व मिसाइल हमलों के बीच बेसमेंट में गुजारे खौफ के 15 दिन

## बहरीन में दहशत भरे माहौल के बाद सुरक्षित घर पहुंचा भाजपा नेता का परिवार

संवाददाता, तिलहर



बहरीन से लौटा प्रियंका पाठक का परिवार। ● अमृत विचार



प्रियंका पाठक और उनका परिवार बहरीन में रहने के दौरान बेसमेंट में।

**अमृत विचार:** नगर के मोहल्ला नितगंजा निवासी भाजपा नेता संजय पाठक की पुत्री प्रियंका पाठक अपने पति अनुज मिश्रा और बच्चों के साथ बहरीन में रहती थीं, जो 15 दिन तक ड्रोन और मिसाइल हमलों के बीच रहने के बाद भारत वापस लौटी हैं। इस दौरान परिवार ने बेहद भयावह हालात देखे और उन पलों को याद कर आज भी सिहर उठता है।

प्रियंका पाठक मार्च 2025 में अपने परिवार के साथ बहरीन गई थीं, हालांकि वह वर्ष 2011 से ही वहीं रह रही थीं। प्रियंका बहरीन में मॉडलिंग का काम करती हैं, जबकि उनके पति अनुज मिश्रा एसटीसी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। प्रियंका ने बताया कि फरवरी में वह एक मॉडलिंग शूट के लिए गई थीं, तभी करीब एक किलोमीटर दूरी पर मिसाइल धमाका हुआ। इसी दौरान उनके पति ने फोन कर बताया कि बहरीन में ईरान की ओर से हमला हुआ है और जहां हैं वहीं रुकने को कहा, लेकिन परिवार की चिंता में वह तुरंत घर के लिए निकल पड़ीं। रास्ते में चारों ओर धमाकों की आवाज, रोते-बिलखते लोग और लगातार बजते सायरन का मंजर था। घर पहुंचकर उन्होंने राहत की सांस ली, जब पति और बच्चे सुरक्षित मिले। इसके बाद परिवार को अन्य लोगों के साथ एक बेसमेंट में पहुंचाया गया, जहां वे करीब 15 दिनों तक रहे। इस दौरान 24 से 36 घंटे तक परिवार ने कार में ही समय बिताया और खाने-पीने का सीमित सामान ही उनके पास था। प्रियंका ने बताया कि रमजान के चलते सुबह और शाम कुछ समय के लिए हमले रुकते थे, तब वे लोग घर जाकर जल्दी-जल्दी खाना बनाकर वापस बेसमेंट लौट आते थे। सुरक्षा के चलते लिफ्ट का इस्तेमाल नहीं किया जाता था, क्योंकि किसी भी समय धमाका होने का डर बना रहता था। एक बार चाय बनाते समय उन्होंने खिड़की के सामने ड्रोन आते देखा, जिसके बाद वह तुरंत घर से बाहर निकल गईं और परिवार को भी बाहर बुलाया। अनुज मिश्रा ने बताया कि सामान्य दिनों में भारत आने का टिकट करीब 25 हजार रुपये में मिलता है, लेकिन इन हालात में एक टिकट के लिए करीब साढ़े तीन लाख रुपये खर्च करने पड़े और पूरे परिवार पर लगभग 12 लाख रुपये का खर्च आया। उन्होंने बताया कि गल्फ एयरवेज और इंडियन एयरवेज की ओर से लोगों को बाहर निकालने के लिए उड़ानें संचालित की जा रही थीं। अनुज मिश्रा का दफ्तर भारतीय दूतावास के पास है, जहां से करीब 100 मीटर दूरी पर एक इमारत में धमाके के बाद आग लग गई थी, जिससे दहशत और बढ़ गई थी। भारत लौटने के बाद परिवार ने सरकार से अपील की है कि खाड़ी देशों में फंसे भारतीयों को जल्द सुरक्षित वापस लाया जाए। परिवार की सुरक्षित वापसी पर संजय पाठक और उनकी पत्नी शशि पाठक ने राहत जताते हुए ईश्वर का आभार व्यक्त किया।

## मौरंग भरे ट्रक में युवक का शव मिलने से हड़कंप

**कलान, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम गोकुल नगला आंधी देही में गढ़िया छवि मार्ग स्थित तनु एंटरप्राइजेज जितेंद्र सिंह की मौरंग, सीमेंट व गिट्टी की दुकान पर मंगलवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब नैनीताल उत्तराखंड से ट्रक में भरकर लाई गई मौरंग के अंदर युवक का शव मिला।

सोमवार रात करीब 9:30 बजे नैनीताल शांतिपुरी क्रेशर उत्तराखंड से ट्रक में चालक इम्तियाज निवासी ग्राम वैसपरेवा थाना जहानाबाद जिला पीलीभीत तथा हेल्पर अलीम निवासी करायम नगला थाना बहेड़ी जिला बरेली मौरंग भरकर चले थे और मंगलवार सुबह करीब 6 बजे आंधी देही स्थित दुकान पर पहुंचे। जब मजदूर नत्थू ने ट्रक का डाला खोलकर मौरंग नीचे गिरानी शुरू की, तो मौरंग के अंदर से एक पैर दिखाई दिया। इसके बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर थाने पहुंचा और थाना प्रभारी शिवदीन वर्मा को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मौरंग से शव को बाहर निकालकर कब्जे में लिया। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। होने के कारण पुलिस ने उसे पीएम के लिए शाहजहांपुर भेज दिया है।

# मार्ग दुर्घटनाओं में दंपती समेत तीन गंभीर, रेफर



घायल को एम्बुलेंस पर लादते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** अलग-अलग सड़क हादसे में दंपती समेत तीन लोग घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

क्षेत्र के गांव कुरैया खानपुर निवासी महेंद्र कुमार पत्नी सिंदूरी देवी के साथ बाइक से गांव टाहखुर्द कलां निवासी रिश्तेदार सियाराम के दसवां संस्कार में शामिल होने गए थे। दसवां संस्कार के बाद वह अपनी पत्नी के साथ बाइक से खुटार खरीदारी करने आ रहे थे। खुटार-पुवायां रोड पर स्थित सिकलापुर स्कूल के पास सामने आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। घटना के बाद लोगों की भीड़ जुट गई और सूचना पर पहुंची पुलिस ने 108 सेवा एंबुलेंस कर्मी रामेंद्र दुबे, शैलेश कुमार, मनोज कुमार, राकेश कुमार मौर्य की मदद से घायलों को खुटार सीएचसी में लाया गया। यहां डॉक्टर ने घायल दंपती को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। उधर, खुटार के गांव पिपरिया भागवंत निवासी प्रमोद कुमार का बेटा हिमंचल बाइक से खुटार आ रहा था। गांव सौफरी के पास एक बाइक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे हिमंचल घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस से हिमंचल को खुटार सीएचसी में भर्ती कराया गया।

# मिनी ट्रैक्टर-ट्रॉली में ट्रक की टक्कर, युवक घायल

**तिलहर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे स्थित नवीन गल्ला मंडी के पास ट्रक ने गन्ने से भरी मिनी ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे एक युवक घायल हो गया और ट्रैक्टर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। लखोहा गांव निवासी राजाराम मंगलवार सुबह करीब 8:30 बजे अपने भतीजे संजय गंगवार के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली से गन्ना लेकर तिलहर चीनी मिल जा रहे थे। इसी दौरान बरेली से शाहजहांपुर की ओर जा रहे ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल संजय को अस्पताल भेजा। हादसे के कारण हाईवे पर जाम लग गया, जिसे पुलिस ने खुलवाकर यातायात सुचारू कराया। पुलिस ने ट्रक को पकड़ लिया है।

### बैलगाड़ी में ट्रक ने मारी टक्कर

**तिलहर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर तिलहर गैस एजेंसी के पास एक ट्रक ने पीछे से बैलगाड़ी में टक्कर मार दी। नरसा नगला गांव निवासी किसान कल्याण मंगलवार सुबह करीब 5:30 बजे गन्ना तुलवाकर बैलगाड़ी से घर लौट रहे थे। इसी दौरान ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। घायल किसान को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

## लाठी-डंडों से हमला कर तीन को किया घायल

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव मियापुर गौंटिया में पुरानी रंजिश के चलते छोटे लाल के दो बेटों और एक बेटी को पड़ोसियों ने लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। सोमवार देर शाम करीब आठ बजे छोटे लाल के पड़ोसी फत्ते ने अपने बेटे सत्यपाल और थाना कांट क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी विशाल के साथ मिलकर छोटे लाल के बेटे सोनपाल और दिनेश पर हमला कर दिया। शोर सुनकर भाइयों को बचाने पहुंची सपना को भी आरोपियों ने पीट दिया, जिससे वह भी घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सरकारी एम्बुलेंस से राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा।

# 25 लाख गबन के आरोप में प्रधानाचार्य बर्खास्त

- शिक्षकों ने कमेटी पर बंधक बनाने का लगाया आरोप, शिकायत
- सुदामा प्रसाद बाल विद्यास्थली मंदिर में प्रबंधन कमेटी ने की कार्रवाई
- अधिकारियों ने दिया दोनों पक्षों को के बीच बातचीत का आश्वासन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** रोजा क्षेत्र के रेती रोड पर स्थित सुदामा प्रसाद बाल विद्यास्थली मंदिर में प्रबंधन कमेटी और प्रधानाचार्य के बीच विवाद गहरा गया है। मंगलवार को कमेटी ने प्रधानाचार्य उज्ज्वला मिश्रा को 25 लाख रुपये के गबन के आरोप में बर्खास्त कर दिया। उनके कार्यालय में ताला लगा दिया। इसके बाद स्कूल के शिक्षकों ने कमेटी पर उन्हें बंधक बनाने का आरोप लगाया। शिकायत पर अधिकारियों ने बुधवार को दोनों पक्षों को बैठाकर बातचीत कराने का आश्वासन दिया।

विद्यालय एक सोसाइटी की ओर से संचालित होता है और स्कूल के प्रबंधक संजय गुप्ता हैं। बताया गया कि कमेटी और प्रधानाचार्य के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। कमेटी का आरोप है कि प्रधानाचार्य उन्हें स्कूल के अंदर नहीं आने देती थीं और मनमानी करती थीं, जिससे कई अनियमितताएं सामने आईं। मंगलवार को कमेटी के सदस्य स्कूल पहुंचे और प्रधानाचार्य समेत एक लिपिक को बर्खास्त करने की कार्रवाई की। इसके बाद शिक्षकों ने कमेटी पर बंधक बनाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों से बातचीत की। बाद में शिक्षक कलेक्ट्रेट पहुंचे और अधिकारियों से कमेटी की शिकायत की। इस पर अधिकारियों ने बुधवार को दोनों पक्षों को बैठाकर बातचीत कराने का आश्वासन दिया है। प्रबंधक संजय गुप्ता ने बताया कि प्रधानाचार्य पर 25 लाख रुपये के गबन का आरोप है और विद्यालय सोसाइटी की ओर से संचालित है। इसलिए सोसाइटी ने ही यह कार्रवाई की है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानाचार्य ने पिछले दस महीने से अपनी बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज नहीं कराई है और शिक्षकों को बंधक बनाने का आरोप गलत है। प्रशासनिक अधिकारी वंदना गुप्ता को प्रधानाचार्य का कार्यभार सौंपा गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विद्यालय में अनियमितताएं की जा रही थीं और एक बार प्रधानाचार्य ने गमला फेंकने की कोशिश की थी। कमेटी ने सभी पक्षों को सुनने के बाद बर्खास्त करने का निर्णय लिया है। यह विवाद फिलहाल कोर्ट में विचाराधीन है।

### शिक्षकों के वेतन पर असर पड़ने की कही बात

वाइस प्रिंसिपल ज्योत्स्ना द्विवेदी ने कहा कि कमेटी के लोग गेट पर ताला डालकर आए और प्रिंसिपल व एक लिपिक को बर्खास्त करने की बात कही, साथ ही प्रबंधक ने अपनी पत्नी को प्रिंसिपल बना दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि शैक्षिक कार्य में मानसिक प्रताड़ना देकर बाधा डाली जा रही है, जिससे बच्चों के एडमीशन और शिक्षकों के वेतन पर असर पड़ रहा है।

# खेत जोतने के विवाद में महिला को ट्रैक्टर से कुचला

- भूमि विवाद को लेकर दबंगई का आरोप

**पुवायां, अमृत विचार:** क्षेत्र में भूमि विवाद को लेकर दबंगई का गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम लालपुर ज. जेवा हाल निवासी जड़ौली की रहने वाली नन्हीं देवी ने थाना पुवायां में कई लोगों पर खेत में जबरन जुताई करने और विरोध करने पर हमला करने का आरोप लगाया है।

पीड़िता के अनुसार 13 नवंबर 2025 की सुबह करीब 4 बजे सूचना मिली कि कुछ लोग उनके खेत की जबरन जुताई कर रहे हैं। इस पर वह अपने परिजनों के साथ मौके पर पहुंचीं। वहां कई लोग ट्रैक्टर के साथ खेत जोतते मिले। जब नन्हीं देवी ने इसका विरोध किया तो आरोप है कि दबंगों ने बात न मानते हुए उन पर हमला कर दिया। तहरीर में बताया गया है कि ट्रैक्टर चालक ने महिला को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर खेत में गिर पड़ीं। उनके साथ मौजूद लक्ष्मी देवी को भी चोटें आईं। आरोप है कि इसके बाद भी दबंग नहीं रुके और महिला को खेत से खींचकर बाहर फेंक दिया। विरोध करने पर परिजनों को लाठी-डंडों से दौड़ा लिया गया। घटना के दौरान 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी गई, लेकिन आरोप है कि दबंग मौके पर डटे रहे और जान से मारने की धमकी देते रहे। पीड़िता ने यह भी बताया कि आरोपी पहले भी गाली-गलौज और विवाद कर चुके हैं, जिसकी शिकायत थाने में दर्ज है। पीड़िता ने पुलिस से मामले में आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# सोनीपत में टेंपो पलटने से महिला की मौत

- बाइक सवार को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार :** गांव कहेलिया निवासी महिला अपने पति और बच्चों के साथ सोनीपत हरियाणा में स्थित प्राइवेट फैक्टरी में नौकरी करने गई थी। यहां टेंपो पलट जाने से उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन गांव लेकर पहुंचे और अंतिम संस्कार किया गया।

कहेलिया निवासी सुखदेव कश्यप सोनीपत हरियाणा में स्थित प्राइवेट फैक्टरी में नौकरी करते हैं और उनकी पत्नी नितिका भी वहीं प्राइवेट फैक्ट्री में काम करती थी। रविवार की शाम करीब पांच बजे रोजाना की तरह 35 वर्षीय नितिका अपने देवर नीरज कुमार के साथ फैक्टरी के पास से टेंपो पर सवार होकर वापस लौट रही थी। कुछ दूर जाने के बाद रास्ते में बाइक सवार को बचाने के दौरान टेंपो चालक ने तेज गति में ओवरटेक किया, जिससे टेंपो पलट गया और सवारियों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सरकारी एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया, जहां डॉ. ने नितिका को मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतका अपने पीछे 14 वर्षीय पुत्री मोनिका, 9 वर्षीय उमेश सिंह और 5 वर्षीय नानू को रोता बिलखता छोड़ गई है।

### कार बनी आग का गोला, चालक ने कूदकर बचाई जान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** हुल्लापुर चौराहे पर कार में अचानक आग लग गई। आग ने विकराल रूप घारण कर लिया। चालक ने कार से कूदकर अपनी जान बचाई। दमकल कर्मचारियों ने एक घंटे में आग पर काबू पाया। अल्हागंज थाना क्षेत्र में हुल्लापुर चौराहे के निकट चालक कार लेकर सोमवार की दोपहर पेट्रोल पंप गया। उसने पंप से कार में पेट्रोल भरवाया। पेट्रोल पंप से कार सड़क पर आई तो कार के इंजन के पास धुंआ निकलने लगा। देखते-देखते आग ने विकराल रूप घारण कर लिया। चालक ने कार में लगी आग को देखकर घबरा गया और कार को सड़क पर रोक दिया। चालक ने कार की खिड़की खोली और कूदकर भाग गया। इस दौरान लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने मिट्टी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग नहीं बुझी। इधर, सूचना पर अल्हागंज थाना की पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंच गई। दमकल कर्मचारियों ने एक घंटे में आग पर काबू पा लिया, लेकिन कार पूरी तरह से जल गई थी।

## चोर ने घर में घुसकर की महिला के साथ की छेड़छाड़

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** मदनापुर क्षेत्र में चोरी के इरादे से घर में घुसे एक युवक ने तमंचा दिखाकर महिला से छेड़छाड़ की। महिला ने शोर मचाया तो आरोपी मौका पाकर भाग गया। मदनापुर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि उसका पति चंडीगढ़ में काम करता है। वह बच्चों के साथ घर में अकेले रहती है। रविवार की रात में एक चोर मकान की छत से जीने से नीचे घुस आया। चोर बक्से का ताला तोड़ रहा था। महिला की नींद खुल गयी और उठ गयी। आरोप है कि चोर ने महिला का मुंह दबा दिया और तमंचा दिखाकर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। महिला ने किसी तरह शोर मचाया तो आरोपी चोर मौका पाकर भाग गया।

# युवक ने कमरे में दुपट्टे से फंदा लगाकर दी जान

- पत्नी से हो गई थी कहासुनी, पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव उतारा

संवाददाता, जलालाबाद/शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** टापर गांव में एक युवक ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और पंखे के कुंडे से दुपट्टे का फंदा गले में कसकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को उतारा। पुलिस के अनुसार पत्नी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी थी।

जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव टापर निवासी 25 वर्षीय अजीत कुमार सिंह की शादी करीब एक साल पहले भारती के साथ हुई थी। सोमवार की रात में उसने अपनी पत्नी को खाना दिया और दोनों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी थी। भारती ने अपने पति की बात मायके वालों से फोन से पर करायी। फोन पर बात करने के बाद अजीत नाराज हो गया। वह गुस्से में आकर रात नौ बजे एक कमरे में चला गया। उसने कमरे की कुंडी अंदर से बंद कर ली। उसने रात ही में पंखे के कुंडे से दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह काफी देर तक कमरे से बाहर निकले तो परिवार वालों को चिंता हुई। परिवार वालों ने दरवाजा खटखटाया और नहीं खुला। परिवार वालों ने खिड़की से देखा तो उसका शव कुंडे से लटका हुआ था। अपराध निरीक्षक रवि शंकर फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और दरवाजे की कुंडी तोड़ी। पुलिस ने शव को नीचे उतारा। मृतक तीन बहनों का इकलौता भाई था। परिवार वालों ने थाना पर सूचना दी।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाला

- तीन तलाक का भी आरोप, एसपी से शिकायत

**पुवायां, अमृत विचार:** पुवायां क्षेत्र की एक विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर मारपीट करने और तीन तलाक देकर घर से निकालने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की थी।

गांव पकड़िया हकीम निवासी महिला ने बताया कि उसका विवाह 19 मई 2025 को खुटार क्षेत्र निवासी जाहिद के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से हुआ था। आरोप है कि शादी में उसके मायके पक्ष ने अपनी क्षमता के अनुसार करीब 20 लाख रुपये खर्च किए, लेकिन ससुराल वाले इससे संतुष्ट नहीं थे और लगातार कम दहेज लाने का ताना देते थे।

पीड़िता के अनुसार 15 जनवरी 2026 को उसके पति ने उससे स्कॉर्पियो गाड़ी और 5 लाख रुपये नगद लाने की मांग की। जब उसने असमर्थता जताई तो पति समेत ससुराल पक्ष के अन्य लोगों ने उसके साथ मारपीट की, जिससे उसे चोटें आईं। आरोप है कि इसके बाद उसे तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया गया। पीड़िता किसी तरह अपने मायके पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। बाद में मायके पक्ष के लोग ससुराल पहुंचे और पंचायत भी हुई, लेकिन आरोप है कि ससुराल वाले अपनी मांग पर अड़े रहे और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष उसकी संपत्ति व जेवर हड़पना चाहता है और पति दूसरी शादी की तैयारी में है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मामले की शिकायत की है।

## ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार घायल

**करियामई, अमृत विचार:** बदायूं-बिजनौर हाईवे पर पर स्थित एसआर स्कूल चरसौरा के पास बाइक सवार की ई-रिक्शा से टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार घायल हो गया। जिसे निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां से उसे चंदौसी रैफर कर दिया गया।

थाना उघैती क्षेत्र के ग्राम करियामई निवासी किशन पुत्र रामबाबू अपनी बहन हेमा को इस्लामनगर छोड़कर वापस घर लौट रहा था। कि चरसौरा एसआर स्कूल के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने ओवरटेक करते हुए उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार युवक किशन घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने इस्लामनगर सहसवान मोड पर स्थित ए.के. हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए मंगलवार को उसे चंदौसी रेफर कर दिया।

# रात को आदेश, दिन में रिलीज नेत्र परीक्षक का हुआ ट्रांसफर

- नेत्र परीक्षण अधिकारी कक्ष में शराब के नशे में धुत मिले थे, सीएमओ ने की कार्रवाई

**खुटार, अमृत विचार:** खुटार सीएचसी में नेत्र परीक्षण अधिकारी कक्ष में शराब के नशे में धुत मिलने और लोगों से अभद्र भाषा का प्रयोग किए जाने के मामले में नेत्र परीक्षक हरिकेश कुमार का तबादला मिर्जापुर के जरियनपुर सीएचसी में कर दिया गया है। जांच रिपोर्ट के बाद यह कार्रवाई सीएमओ डॉक्टर विवेक कुमार के आदेश के बाद की गई। सोमवार रात को आदेश हुआ और मंगलवार को रिलीज कर दिया गया। जबकि नेत्र परीक्षक हरिकेश कुमार पर विभागीय कार्यवाई होनी तय मानी जा रही है। खुटार-बंडा मार्ग पर 15 मार्च की शाम 7:30 बजे सड़क हादसे में पांच लोग घायल हो गए थे। खुटार सीएचसी में घायलों का इलाज ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर महेंद्र पाल ने किया। वहीं, अस्पताल में नेत्र परीक्षण अधिकारी कक्ष में रात करीब 8:23 बजे नेत्र परीक्षक हरिकेश कुमार शराब के नशे में अकेले ही गाली-गलौज कर रहे थे। मौजूद लोगों ने आवाज सुनी तो मौके पर पहुंच कर देखा। जहां शराब के नशे में हरिकेश कुमार धुत थे व कुर्सी पर बैठे लघुशंका कर दी थी। लोगों के कहने पर नेत्र परीक्षक ने अभद्रता की। लोगों ने मोबाइल फोन में वीडियो बनाकर सोशल प्लेटफॉर्म पर वायरल कर दिया। काफी हंगामे के बाद नेत्र परीक्षक मौके से चला गया। खुटार सीएचसी प्रभारी गौरव सक्सेना ने इसकी रिपोर्ट विभाग के अधिकारियों को भेजी। तो सोमवार रात को ही सीएमओ डॉ. विवेक कुमार ने तबादला कर दिया। मंगलवार को नेत्र परीक्षक हरिकेश कुमार को रिलीज कर दिया गया।

# शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई का निर्विरोध चुनाव संपन्न

संवाददाता, सिंधौली



शिक्षक संघ के निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते सदस्य। ● अमृत विचार

- सभी पदों पर एक एक नामांकन पत्र हुआ दाखिल

**अमृत विचार:** 16 मार्च 2026 को उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई शाखा सिंधौली का चुनाव ब्लॉक संसाधन केंद्र के सभागार में संपन्न हुआ। पर्यवेक्षक सुभाष मिश्रा की देखरेख में सभी पदों पर एक-एक नामांकन पत्र प्राप्त हुआ, जो जांच में वैध पाए गए।

इसके बाद विनोद कुमार को ब्लॉक अध्यक्ष, विजयपाल राठौर को मंत्री, राम औतार को कोषाध्यक्ष, राजेश बाबू सक्सेना, राजकुमार, अशहाव अली, रामेशचंद्र, अनुराधा गौतम, शशीप्रभा को उपाध्यक्ष, अलका वर्मा, हरिश्चंद्र आनंद, रमीत कौर, करुणाशंकर, अशोक कुमार, मो आसिफ को संयुक्त मंत्री और विकास कुमार को मीडिया प्रभारी निर्विरोध चुना गया। जिला अध्यक्ष मगरे लाल और जिला महामंत्री विश्राम सिंह ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में चंद्रकांत भारती, अजय वर्मा, रामवीर, दिनेश कुमार, सूर्यनारायण सिंह, विजयपाल, मोहम्मद जफर, ईश्वर चंद, विनीत कुमार भटनागर, ममता, रामवीर सिंह, विनोद कुमार, आशहावली राजेश कुमार, जयकरण लाल, सर्वेश कुमार, मदनपाल, नरवीर बहादुर, शशि प्रभा आर्य, राधा पाल, बृजेश कुमार शिक्षक मौजूद रहे।



| इफ्तार | सहरी |
|---|---|
| 18 मार्च | 19 मार्च |
| सुन्नी : 06.28 | सुन्नी : 04.56 |
| शिया : 06.36 | शिया : 04.50 |

नोट : क्षेत्रानुसार सहरी और इफ्तार के समय में परिवर्तन हो सकता है।

# अवैध अस्पताल पर रिपोर्ट

## सहसवान के एमओआईसी की तहरीर पर कार्रवाई, पुलिस ने शुरू की जांच

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सहसवान में बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे अवैध अस्पताल संचालक के खिलाफ सीएचसी प्रभारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है, जिससे झोलाछापों में हड़कंप मच गया है। सीएमओ के आदेश पर उक्त कार्यवाही की गयी है।

सहसवान सहित कई कस्बों और ग्रामों में बिना रजिस्ट्रेशन के अस्पताल चल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत के चलते इनके खिलाफ कभी कार्यवाही नहीं की जाती है। सहसवान में बिना रजिस्ट्रेशन के चलने वाले एक अस्पताल की शिकायत की गयी थी। शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल संचालक को नोटिस जारी किया था। नोटिस का निर्धारित समय में जवाब न देने और कागजात न दिखाने पर सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रशांत त्यागी की ओर से एक महिला समेत अस्पताल संचालित करने वाले दो लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। कस्बे में चौकी नंबर चार के निकट नीलम हेल्थ केयर, नीलम हास्पिटल के संचालक को छह दिन पहले नोटिस जारी किया गया था। इसमें कहा गया कि कि वह बिना किसी अधिकृत चिकित्सा डिग्री और वैध पंजीकरण के चिकित्सा कार्य कर रहे हैं। बिना वैध डिग्री और पंजीकरण के चिकित्सा कार्य करना यूनाइटेड प्रोविन्स मेडिकल एक्ट 1939 तथा इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट 1956 की धाराओं का उल्लंघन है।


अवैध अस्पताल की तीन मंजिला इमारत।

> नीलम अस्पताल संचालक ने नोटिस का जवाब नहीं दिया, इसलिए संचालक सहित दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आगे की कार्यवाही भी सीएमओ के निर्देशानुसार की जाएगी।
> –प्रशांत त्यागी, प्रभारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहसवान

अस्पताल संचालक को निर्देश दिए गए थे कि नोटिस प्राप्त होने के तीन दिन के अंदर अपने सभी चिकित्सा प्रमाण पत्र, डिग्री, राज्य चिकित्सा पंजीकरण बोर्ड के प्रमाण पत्र और संबंधित दस्तावेज सीएचसी सहसवान में प्रस्तुत करें। निर्धारित समय में कागजात नहीं दिखाने पर सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ प्रशान्त त्यागी के शिकायती पत्र पर नीलम हेल्थ केयर सेन्टर, हास्पिटल के संचालक अशोक कुमार पुत्र हरप्रसाद निवासी गांव पहाड़पुर जनपद फिरोजाबाद तथा नीलम देवी निवासी गोलई होटल छारबाग फिरोजाबाद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। कोतवाल धनंजय सिंह ने बताया कि सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक के शिकायती पत्र पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## बंटवारे को लेकर दो पक्षों के बीच हुआ विवाद

**बिल्सी, अमृत विचार:** कस्बे के मोहल्ला संख्या आठ में पुराने बंटवारे को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। कहासुनी के बाद मारपीट हुई। दोनों पक्षों में खूब लाठी-डंडे चले। इस घटना में दोनों पक्षों के पांच लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवा कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सोमवार रात किसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर एक पक्ष के लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में एक पक्ष के अहलकार और संजीव घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष से जसवंत और तोताराम भी मारपीट में घायल हुए हैं। इसके अलावा एक अन्य व्यक्ति को भी चोट आई है। घटना के बाद दोनों पक्षों ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सभी घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया है। तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार:** उघैती थाना क्षेत्र के गांव रियोनाई में एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक पोस्ट किए जाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया। आरोप है कि पोस्ट में जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया गया, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। मंगलवार को ग्रामीणों ने बिल्सी क्षेत्राधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। रियोनाई निवासी कैलाश कुमार ने बताया कि गांव के ही एक युवक ने सोशल मीडिया पर अभद्र और जातिसूचक टिप्पणी पोस्ट की है। मामले की शिकायत पहले थाना पुलिस से की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन भी किया। अधिवक्ता अरुण कुमार गौतम ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो उच्च अधिकारियों से शिकायत की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की पोस्ट से समाज में वैमनस्य फैलता है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर कैलाश कुमार, दिनेश कुमार और दीपक कुमार समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।


प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

## यूट्यूबर पर एआई के दुरुपयोग का आरोप

**संवाददाता, उझानी, अमृत विचार:** यूट्यूबर पर एआई का दुरुपयोग करने का आरोप भारतीय किसान यूनियन भानु गुट ने लगाया है। कहा है कि यूट्यूबर द्वारा एआई का गलत उपयोग करते हुए एसडीएम और डीएम बनने की पोस्ट डाली जा रही है। भाकियू नेता ने यूट्यूबर पर कार्रवाई किए जाने की मांग की। भाकियू भानु गुट जिलाध्यक्ष अतुल तोमर का कहना है कि यूट्यूबर वैष्णवी पटेल फेसबुक पर एआई का इस्तेमाल कर एसडीएम और मजिस्ट्रेट पद पर नियुक्त की पोस्ट डाल रही हैं। जोकि प्रशासनिक नियमों का उन्होंने उल्लंघन बताया है। सिटी मजिस्ट्रेट से कार्रवाई की मांग की है। वहीं यूट्यूबर वैष्णवी पटेल ने बताया कि आजकल यह ट्रेंड चल रहा है, एआई एप का भी हमने नाम लिखा है। अगर इस पोस्ट से किसी को दिक्कत हो तो हम इस पोस्ट को डिलीट कर देंगे।




## न्यूज ब्रीफ

### आज होगा किसान दिवस का आयोजन

**बदायूं, अमृत विचार :** उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने बताया कि विकास भवन सभागार में माह के तृतीय बुधवार 18 मार्च को किसान दिवस आयोजित किया जाएगा। किसान दिवस में डीएम उपस्थित रहकर किसानों की समस्याएं सुनेंगे। किसान दिवस में संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहकर किसानों की समस्याओं के निराकरण करेंगे।

### दुष्कर्मी शिक्षक को बीस साल की सजा

**बदायूं, अमृत विचार :** नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म करने वाले शिक्षक को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने बीस साल की सजा सुनाई है। साथ ही पचास हजार पांच सौ रुपए का जुर्माना डाला है। यह धनराशि पीड़िता को दी जाएगी। जिसके आदेश न्यायाधीश ने दिए हैं। घटना साल 2019 की 4 अप्रैल को घटित हुई। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नजदीक स्कूल में पढ़ने जाती थी। जिसे वहां का आरोपी शिक्षक अनिल प्रताप सिंह पुत्र ओम नारायण सिंह निवासी ग्राम रसूलपुर बिलहरी बहला फुसलाकर भगा ले गया। छात्रा के साथ बलात्कार किया। इस आरोप में आरोपी के खिलाफ न्यायालय में मुकदमा चलाया गया।, न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। इसके बाद न्यायालय ने दोषी शिक्षक को आरोपी मानते हुए बीस साल की सजा सुनाई है।

### मिस्त्री की बाइक चोरी

**विजय नगला, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव खेड़ा बुजुर्ग साईं मंदिर के पास निवासी देवेंद्र प्रताप ने सिविल लाइन थाने पर सूचना दी कि वह घरों में एसी सही करने का काम करता है। हाइडिल कॉलोनी में रात करीब 10 बजे एसी ठीक करने गया। वापस आया तो उसकी बाइक चोरी हो गई।

# छेड़छाड़ करने के दोषियों को चार साल की सजा

- बलात्कार के आरोप में संदेह का लाभ देते हुए इस आरोप से बरी कर दिया, जुर्माने की राशि पीड़िता को देने के आदेश

**बदायूं, अमृत विचार:** दो लड़कियों के साथ छेड़छाड़ करने के बाद बलात्कार करने के दो आरोपियों को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट चार चार साल की सजा सुनाई है। साथ ही चार चार हजार रुपए जुर्माना डाला है। अदालत ने बलात्कार करने के आरोप में संदेह का लाभ देते हुए, उक्त आरोप से बरी कर दिया है। जुर्माने की धनराशि पीड़िता को देने का आदेश है।

घटना थाना सहसवान क्षेत्र की है। साल 2018 की तीन अप्रैल को घटी घटना में गांव बहेरिया निवासी परवेश यादव पुत्र अमोली, अरविंद उर्फ वटुआ पुत्र ओंकार पर जंगल में शौच करने करने गई दो लड़कियों के परिजनों ने आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। इस आरोप में पुलिस ने मामला दर्ज कर न्यायालय कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसके बाद पॉक्सो एक्ट न्यायालय में मुकदमा चलाया गया। इस प्रकरण में न्यायालय ने परवेश यादव पुत्र अमोली, अरविंद उर्फ वटुआ पुत्र ओंकार निवासी गांव बडेरिया थाना सहसवान को छेड़छाड़ का आरोपी माना।

बचाव पक्ष की ओर से दी गई दलीलों को मानते हुए न्यायालय ने आरोपियों को ब्लात्कार किए जाने का संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। आरोपियों को चार चार साल की सजा के साथ चार चार हजार रुपए का जुर्माना डाला है।

## अलग अलग घटनाओं में हिंसक झड़प, कई लोग घायल

**बिसौली, अमृत विचार :** क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में मामूली विवादों ने हिंसक रूप ले लिया, दो घटनाओं में महिलाओं समेत सात लोग घायल हो गए। दोनों मामलों में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर मई की है, जहां मानसिक रूप से कमजोर वृद्धा श्यामा देवी द्वारा अपने घर के बाहर गंदगी फैलाने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि इसी बात पर पड़ोसी रामरतन और राम भजन पुत्रगण बुद्धसेन गाली-गलौज करने लगे। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान राधेश्याम, उसकी पत्नी लक्ष्मी देवी और उनकी पुत्रियों रजनी व राखी को बेरहमी से पीटा गया। मारपीट में रजनी के मुंह पर गंभीर चोट आई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए भेजा गया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। दूसरी घटना ग्राम दौलतपुर की है, जहां मामूली बात को लेकर विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। हमलावर दंपति नक्षत्र पाल और सीमा ने अपने पड़ोसी दंपति रणवीर और पिंकी के साथ मारपीट कर दी। शोर-शराबा सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे रणवीर के भतीजे अभय को भी हमलावरों ने नहीं छोड़ा और उसकी भी पिटाई कर दी। इस घटना में भी कई लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने इस मामले में भी रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# अप्रैल में शुरू होगा मुंडा पुख्ता पुल निर्माण

- हवा में झूलते पुल से गूगल मैप देख चली आ रही कार गिरने से हुई थी तीन मौतें
- 104 करोड़ की लागत से पुल का होना है निर्माण कार्य, जमीन का होगा अधिग्रहण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

> सर मुड़ा पुख्ता पुल के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई है। नामित संस्था के द्वारा कुछ ही दिनों में निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। जिसे 2027 तक पूरा किया जाना है। **नरेश कुमार**, अधिशासी अभियंता, पीडब्ल्यूडी

**अमृत विचार:** हादसे के बाद पुल के निर्माण को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग गया है। लोक निर्माण विभाग में टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई है। नामित कार्यदायी संस्था के द्वारा कुछ ही दिनों में निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। शासन की ओर पुल निर्माण के लिए 104 करोड़ का बजट स्वीकृत किया है। पुल निर्माण के साथ साथ एप्रोच भी बढ़ाई जाएगी। जिसके लिए जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा।

साल 2023 में आई बाढ़ के दौरान रामगंगा नदी पर बने मुडा पुख्ता पुल की एप्रोच पानी के बहाव में बह गई थी। तब से पुल हवा में लटका हुआ था। इसके बाद साल 2024 के नवंबर माह के दौरान गूगल मैप की गलती की वजह से अधूरे पुल से एक कार नीचे गिर गई थी। जिसमें तीन युवकों की मौत हो गई थी। कार हादसे के बाद से लोक निर्माण विभाग की ओर से पुल निर्माण के लिए प्रयास तेज कर दिए थे। लोक निर्माण विभाग की ओर से आईआईटी रुड़की के द्वारा मॉडल स्टडी कराने के लिए रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी थी। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद आईआईटी रुड़की की टीम ने रामगंगा पर बने पुल का सर्वे करते 200 मीटर पुल की लंबाई बढ़ाई जाने और 400 मीटर एप्रोच और करीब चार किलोमीटर अतिरिक्त संपर्क मार्ग बनाए जाने की रिपोर्ट पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को सौंपी थी। इसके बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा 155 करोड़ रुपए का प्रस्ताव तैयार कर मंजूरी के लिए शासन में भेजा था। शासन की ओर से फरवरी माह के दौरान पुल निर्माण के करीब 104 करोड़ रुपए के प्रस्ताव को स्वीकृति देते हुए बजट जारी कर दिया। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद लोक निर्माण विभाग के द्वारा टेंडर प्रक्रिया को पूरा करने की कवायद शुरू कर दी। जो पूरी हो चुकी है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार अप्रैल माह से पुल निर्माण का काम नामित कार्यदायी संस्था के द्वारा शुरू कर दिया जाएगा।

**पुल की बढ़ेगी 150 मीटर एप्रोच :** पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने मुड़ा पुख्ता पुल की लंबाई बढ़ाने का सर्वे पूरा कर लिया है। पुल की लंबाई बढ़ाने के लिए करीब 150 मीटर एप्रोच बढ़ाई का निर्माण होना है। पहले पुल की लंबाई 500 मीटर थी, अब यह 750 मीटर हो जाएगी।

# हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

- मुरादाबाद फर्रूखाबाद मार्ग पर 14 मार्च को हुआ था हादसा

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार:** एमएफ हाईवे पर मौजमपुर मोड़ के पास 14 मार्च को हुए सड़क हादसे में घायल बाइक सवार पिता-पुत्र में से पुत्र की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। मृतक के भाई ने कोतवाली में अज्ञात कार चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। मुरादाबाद जिले के थाना मैनाठेर क्षेत्र के गांव महमूदपुर माफी निवासी कौशर अली पुत्र इसरार हुसैन अपने पिता इसरार हुसैन के साथ बाइक से बदायूं जा रहे थे। बताया जा रहा है कि कौशर अली दरोगा भर्ती की परीक्षा देने के लिए जा रहा था। जब वे एमएफ हाईवे स्थित मौजमपुर मोड़ के पास पहुंचे तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रही एक अज्ञात कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पिता-पुत्र दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों मुरादाबाद रेफर कर दिया। जहां डॉक्टरों ने कौशर अली को मृत घोषित कर दिया। जबकि मृतक के पिता इसरार हुसैन को भर्ती कर लिया। मंगलवार को इलाज के दौरान इसरार हुसैन की भी मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु के बाद मृतक के भाई साजिद कोतवाली पहुंचकर अज्ञात कार चालक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

## बंदर की घुड़की में छत से गिरे ग्रामीण की मौत

**संवाददाता, कुंवरगांव, अमृत विचार :** बंदर की घुड़की से थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव कैली में एक बुजुर्ग की छत से गिरकर मौत हो गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम नहीं कराया। युवक की मौत से परिजनों में चीत्कार मचा हुआ है। गांव निवासी राजाराम (55) पुत्र रामचरन मंगलवार देर शाम अपने घर की छत पर गए थे। जहां बंदरों का झुंड था। बंदरों ने राजाराम को घुड़की दी। वह छत से नीचे जा गिरे। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मौके पर चीख पुकार मच गई। परिजन उन्हें चिकित्सक के पास ले गए। चिकित्सक ने उनकी मौत की पुष्टि कर दी।


मृतक राजाराम।




# अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
22 मार्च 2026, रविवार
5 अप्रैल 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# सिलेंडर न मिलने पर उपभोक्ताओं ने एजेंसी पर काटा हंगामा

## उपभोक्ताओं का आरोप, सिलेंडर की हो रही कालाबाजारी, बुकिंग के बाद भी नहीं दी जा रही रसोई गैस, घंटों इंतजार करके लौटना पड़ रहा

● एजेंसियों पर 26180 सिलेंडर का स्टॉक, मात्र 7980 को आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जिले में रसोई गैस की भरपूर आपूर्ति हो रही है। लेकिन एजेंसी संचालकों की मनमानी के चलते उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को एजेंसियों के बाहर उपभोक्ताओं की लंबी लाइन देखी गई। जब उन्हें सिलेंडर नहीं दिया गया तो उनके सब्र का बांध टूट गया। सिंह गैस एजेंसी पर उमड़ी बेकाबू भीड़ ने हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान एजेंसी संचालक से उपभोक्ताओं की नोकझोंक भी हुई। उपभोक्ता इस कदर आक्रोशित थे कि वह तोड़ फोड करने पर आमादा थे। लेकिन वहां पर मौजूद पुलिस ने हालातों पर काबू पाया। इसके बाद भी उपभोक्ताओं को सिलेंडर नहीं मिला। मजबूरन उन्हें मायूस होकर लौटना पडा।



सिंह गैस एजेंसी के बाहर लगी उपभोक्ताओं की भीड़ ● अमृत विचार

### पर्याप्त स्टाक फिर भी नहीं मिल रहा सिलेंडर

जिला पूर्ति निरीक्षक द्वारा जारी की गई विज्ञप्ति के अनुसार जिले की भी विभिन्न एजेंसियों पर 26180 सिलेंडर का स्टॉक प्रतिदिन उपलब्ध रहता है। जिसके सापेक्ष 7980 सिलेंडरों का वितरण हो रहा है। प्रशासन द्वारा भरपूर गैस होना का किया जा रहा दावा ही वितरण की पोल खोल रहा है। वितरण न होने की वजह से उपभोक्ता परेशान हैं, बल्कि उनमें एजेंसी संचालकों के प्रति आक्रोश है। साथ ही सिलेंडर की कालाबाजारी की भी संभावनाएं प्रबल हो गई हैं।

"गैस की कोई कमी नहीं है। उन्हीं उपभोक्ताओं को गैस वितरण कराई जा रही है जिन्होंने ई-केवाईसी करवाई हुई है। ई-केवाईसी न कराने वाले उपभोक्ता अधिक परेशान हैं उनके द्वारा ही अफवाह भी फैलाई जा रही है। कालाबाजारी की रोकथाम को टीमें गठित हैं उनके द्वारा रोजाना निरीक्षण किया जा रहा है।
सतीश चंद्र मिश्रा, डीएसओ

शहर के इंदिरा चौक चौक स्थित भारत की सिंह गैस एजेंसी पर मंगलवार की सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग गईं थीं। कोई केवाईसी अपडेट कराने तो कोई ऑनलाइन बुकिंग के लिए संघर्ष करता दिखा। जैसे ही एजेंसी संचालक राजेश कुमार सिंह ने शटर खोला और बताया कि बुकिंग कराने वाले उपभोक्ताओं को वितरण होगा, तो कई दिन पूर्व बुकिंग कराने वाले उपभोक्ता उग्र हो गए। लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। सबसे अधिक आक्रोश में महिलाएं दिखी। उनका का आरोप था कि एजेंसी संचालक द्वारा सिलेंडर की भरपूर आपूर्ति के बाद भी सिलेंडर नहीं दिया। उसे ब्लैक किया जा रहा है। सिलेंडर की कालाबाजारी किए जाने की चलते ही हर बार किसी ने किसी बहाने से अगले दिन के लिए टहला दिया जाता है। महिलाओं के साथ ही सिलेंडर के लिए परेशान अन्य उपभोक्ताओं ने भी एजेंसी संचालक पर गैस की कालाबाजारी किए जाने का आरोप लगाया। एजेंसी पर हंगामा होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उपभोक्ताओं शांत कराया। इसके बाद सिलेंडर का वितरण हुआ। इसके बाद भी घंटों लाइन में लगने बाद भी कई उपभोक्ता ऐसे रहे उन्हें सिलेंडर नहीं मिल सका। उन्हें मायूस होकर वापस लौटना पड़ा।

### गैस सिलेंडर की किल्लत बरकरार, उपभोक्ता परेशान

**उझानी, अमृत विचार :** रसोई गैस की किल्लत जिले में बरकरार है। वितरण की व्यवस्था अभी तक पूरी तरह पटरी पर नहीं लौटी है। मंगलवार को गैस एजेंसी और गोदाम पर उपभोक्ताओं की भीड़ रही। घंटों लंबी लाइन में लगने के बाद ही लोगों को गैस सिलेंडर मिल पाया। कस्बे के अलावा ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं भी खाली सिलेंडर के साथ एजेंसियों के बाहर लाइन में लग रही हैं। एजेंसियों में पहले टोकन मिला और बाद में गोदाम में लाइन में लगकर सिलेंडर मिल सका। ज्यादा समस्या उन उपभोक्ताओं को हो रही हैं जिनके गैस सिलेंडर के पासबुक गायब हो चुके हैं। उन्हें अपना कनेक्शन नंबर पता करने के लिए एजेंसियों का चक्कर काटना पड़ रहा है। रसोई गैस के लिए लगी भीड़ के आगे उनकी कोई सुनवाई नहीं हो पा रही है। सिलेंडर न मिलने पर महिलाओं ने एजेंसी संचालकों पर कालाबाजारी का आरोप लगाया। कहा कि नगर में गैस की कालाबाजारी धड़ल्ले से चल रही है। जिसके चलते उपभोक्ताओं को सिलेंडर नहीं मिल रहा है।



सिलेंडर के लिए लाइन में लगे उपभोक्ता ● अमृत विचार

# पूर्णागिरि देवी दर्शन को रवाना साइकिल सवारों का जत्था

संवाददाता, करियामई

**अमृत विचार :** विकासखंड इस्लामनगर क्षेत्र के ग्राम पंचायत करियामई से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही जोश के साथ उत्तराखंड स्थित मां पूर्णागिरि के दर्शन को साइकिलों से भक्तों का एक जत्था मंगलवार को रवाना हुआ। पिछले 10 वर्षों से निरंतर साइकिल से गांव निवासी भक्त माता के दर्शन करने हेतु पूर्णागिरि जाते हैं। इस वर्ष भी पुष्पेंद्र यादव व वीरेश मीणा के नेतृत्व में मंगलवार को 35 साइकिल सवारों का जत्था माता रानी के जयघोष के साथ पूर्णागिरि देवी के दर्शन को रवाना हुआ। माता रानी और बालाजी महाराज के जयघोष के बीच गांव का माहौल भक्तिमय दिखाई दिया। सभी श्रद्धालुओं ने गांव के प्रमुख मंदिरों पर मत्था टेका, उसके बाद माता के दर्शन को रवाना हुए। श्रद्धालुओं के परिवार वालों ने तिलक लगा कर रवाना किया और सकुशल वापस लौटने की शुभकामनाएं दी, यह लोग गुरुवार को माता के दर्शन कर शुक्रवार को घर वापसी करेंगे, इस अवसर पर मुन्ना यादव, प्रदीप यादव, सुखबीर मीणा, देवेश यादव, मनोज, सुमित मीणा, जुगेंद्र मीणा, सुधीर यादव, सहित सभी श्रद्धालु मौजूद रहे।



पूर्णागिरि दर्शन को जाते श्रद्धालु।

# डबल इंजन सरकार की योजनाएं महिलाओं को बना रहीं आत्मनिर्भर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत दातागंज सहित अन्य मंडलों में प्रशिक्षण

**अमृत विचार :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत दातागंज सहित अन्य मंडलों में प्रशिक्षण महाअभियान चलाया गया।

प्रशिक्षण वर्ग सहसवान ग्रामीण, कादरचौक सिविल लाइन, करनपुर, मंडल में आयोजित किए गए। प्रशिक्षण वर्गों में दातागंज नगर मंडल का प्रशिक्षण वर्ग शिव पैलेस में हुआ, जिसका उद्घाटन प्रदेश मंत्री डीपी भारती ने किया। सहसवान ग्रामीण मंडल का प्रशिक्षण वर्ग प्रेम रिसॉर्ट में हुआ, जिसका जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने शुभारंभ किया। कादरचौक मंडल का प्रशिक्षण वर्ग ममता उत्सव लॉन में हुआ, जिसका मनोज कृष्ण गुप्ता ने शुभारंभ किया। सिविल लाइन मंडल का प्रशिक्षण वर्ग वैभव लॉन में हुआ, जिसका शुभारंभ राणा प्रताप सिंह ने किया।



प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करती पूर्व सांसद डॉ संघमित्रा मौर्य। ● अमृत विचार

करनपुर मंडल का प्रशिक्षण वर्ग ब्लू ऑर्चिड बिसौली में हुआ, जिसका शुभारंभ डॉ आशीष शर्मा ने किया।

भाजपा सरकार की उपलब्धियां एवं क्रियान्वयन विषय में पूर्व सांसद डॉ संघमित्रा मौर्य ने कहा कि डबल इंजन सरकार द्वारा जनकल्याण के कई कार्य किए जा रहे हैं। उज्ज्वला योजना, जनधन योजना और मातृत्व वंदना योजना जैसी योजनाओं से महिलाओं को लाभ मिला है। डीपी भारती ने कहा भाजपा का बूथ कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। बूथ स्तर पर सक्रियता, नियमित संपर्क और योजनाबद्ध कार्य ही संगठन की सफलता सुनिश्चित करते हैं। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा भाजपा को आगे बढ़ाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना आवश्यक है। मंडल से लेकर बूथ स्तर तक संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करते हुए नए कार्यकर्ताओं को जोड़ना और दायित्वों का सही निर्वहन करना संगठन की प्राथमिकता होनी चाहिए। राणा प्रताप सिंह ने कहा भाजपा का आधार स्पष्ट सोच और संगठनात्मक प्रतिबद्धता है। कार्यकर्ताओं को संगठन के मूल विचारों को समझते हुए उसी दिशा में कार्य करना चाहिए। मनोज कृष्ण गुप्ता ने कहा भाजपा की दिशा और मजबूती उसके स्पष्ट सिद्धांतों और कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता पर निर्भर करती है। डॉ आशीष शर्मा ने कहा कि भाजपा की यात्रा निरंतर प्रयास, संगठनात्मक अनुशासन और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी का परिणाम है। समय के साथ संगठन ने अपनी कार्यप्रणाली को मजबूत करते हुए निरंतर विस्तार किया है।

प्रशिक्षण वर्ग में पूर्व चैयरमैन दीपमाला गोयल, वरिष्ठ नेता डॉ शैलेश पाठक, जिला महामंत्री एमपी सिंह राजपूत, जिला महामंत्री शैलेंद्र मोहन शर्मा, जिला महामंत्री जोगेंद्र पटेल, जिला उपाध्यक्ष भगवान सिंह मौर्य, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप चौधरी, जिला उपाध्यक्ष आशीष शाक्य, जिला उपाध्यक्ष संदीप चौहान, निवर्तमान जिला महामंत्री सुधीर श्रीवास्तव, निवर्तमान जिला महामंत्री डॉ अरुण प्रकाश, निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष नेकपाल कश्यप, निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वार्ष्णेय, जिला मंत्री अजय तोमर, जिलाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा धीरज पटेल, जिलाध्यक्ष केशव चौहान, जिला मंत्री रचना शंखधार, जिला संयोजक सोशल मीडिया अनुराग दीक्षित, देवेश तोमर, शिवम शंखधार ने अपने विषयों पर संबोधित किया।

# श्री राम ने दिया आदर्श जीवन जीने का संदेश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** भगवान परशुराम इंटर कॉलेज नेकपुर में चल रही श्रीराम कथा महोत्सव के पांचवें दिन कथा वाचक सामाजिक संत रवि ने भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण प्रसंगों का अत्यंत मार्मिक और भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि देवताओं की करुण पुकार पर भगवान ने अवतार लेने का संकल्प किया, और राजा दशरथ द्वारा पुत्र कामेष्टि यज्ञ किया। भगवान श्री राम का जन्म माता कौशल्या के गर्भ से हुआ। प्रारंभ में भगवान ने चतुर्भुज रूप में दर्शन दिए, लेकिन माता कौशल्या के आग्रह पर बाल रूप धारण किया। कथा में बाल लीलाओं का सुंदर वर्णन करते हुए श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव स्वयं राम के दर्शन के लिए आए। आगे चलकर गुरु आश्रम में भगवान राम और लक्ष्मण ने अल्पकाल में ही समस्त विद्याओं को ग्रहण कर लिया। उन्होंने चौपाइयों के माध्यम से बताया गुरु ग्रह गए पढ़न रघुराई, अल्पकाल सब विद्या पाई। भगवान श्री राम ने आदर्श जीवन का संदेश दिया।

इसके बाद विश्वामित्र द्वारा राजा दशरथ से राम-लक्ष्मण को यज्ञ रक्षा हेतु मांगने, ताड़का वध और यज्ञ की रक्षा जैसे प्रसंगों का भी विस्तृत वर्णन किया गया। इस मौके पर राम बहादुर पांडे, संजू साहू, केके उपाध्याय, अमित पांडे, एनसी मिश्रा, संजीव शर्मा, सौरभ राजावत, विपिन सिंह, केएल गुप्ता, प्रेम शंकर पाल, उत्पल सक्सेना, विजय शंखधार, दिलीप कुमार, अनिल गोपाल, संजू साहू, अंकुश, निवेदिता, कुसुम सक्सेना, प्राचार्य दुर्गेश गुप्ता, राजेश्वर पाठक आदि मौजूद रहे।



श्री राम कथा की आरती लेते श्रद्धालु ● अमृत विचार

# तरावीह में कुरान शरीफ मुकम्मल देश में अमन-चैन की मांगी दुआ

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** कस्बे की कोठी वाली मस्जिद में माह-ए-रमजान के दौरान पढ़ी जा रही तरावीह की नमाज में सोमवार की देर रात कुरान शरीफ मुकम्मल होने पर विशेष दुआ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अकीदतमंद और नमाजी मौजूद रहे। रमजान के पवित्र महीने में तरावीह की नमाज का विशेष महत्व होता है। कोठी वाली मस्जिद में मौलाना हाफिज शाह मोहम्मद ने अपनी सुरीली आवाज में पूरे रमजान के दौरान कुरान शरीफ की तिलावत कराई। कुरान मुकम्मल होने के मौके पर मस्जिद में भावुक माहौल देखने को मिला। इस दौरान नगर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में नमाजी पहुंचे।

मस्जिद का सहन और अंदरूनी हिस्सा नमाजियों से खचाखच भरा रहा। नमाज के दौरान बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों ने पूरी एकाग्रता के साथ अल्लाह की इबादत की। कुरान मुकम्मल होने के बाद विशेष दुआ कराई गई, जिसमें देश और दुनिया में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली की कामना की गई। इस मौके पर मस्जिद के सदर मोहम्मद हनीफ और खजांची अबरार अब्बासी ने मौलाना शाह मोहम्मद व मौलाना अतीक नूरी को सम्मानित किया। कार्यक्रम में यासीन अब्बासी, मुनीश कुरैशी, इकरार अब्बासी, अरबाज अल्वी, इरफान कुरैशी, अजीम राईन, हामिद सैफी, डॉ. बबलू नूरी, अंसार अब्बासी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



मौलाना शाह मोहम्मद को सम्मानित करते आयोजक।

## छोटे सरकार के कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक हुए मौलवी जब्बार फरीदी

**बदायूं, अमृत विचार :** मुफ्ती शाह मोहम्मद इब्राहिम फरीदी रहमतुल्लाह अलैह के साहबजादे, मोहम्मद अनवर अली सुहैल फरीदी सज्जादानशीन आबादानी फरीदिया के बड़े भाई मौलवी जब्बार फरीदी रहमतुल्लाह अलैहे मोहल्ला कमाग्रान का इंतकाल मंगलवार को ज़ोहर की नमाज़ के बाद हो गया। तदफ़ीन आज मंगलवार को छोटे सरकार के कब्रिस्तान में किया गया। नमाज़ ए जनाजा हुज़ूर साहिब ए सज्जादा आबादानिया फरीदया मुहम्मद अनवर अली सुहैल फरीदी मद्दाज़िल्लाहुल आली ने जामा मस्जिद में अदा कराई। नमाज़े जनाज़ा में सैकड़ों की तादाद में लोगों ने शिरकत की। मरहूम के वालिद और भाई के हज़ारों मुरीद दूर दराज से जनाजे में शिरकत करने पहुंचे। मौलवी जब्बार फरीदी के साहिब बुजुर्ग थे। जनाजे में सपा नेता समाजसेवी पूर्व चेयरमैन डाक्टर यासीन अली उस्मानी, मशहूर शायर अहमद अमजदी, मदरसा शाह विलायत के मोहतमिम कारी अब्दुल रसूल आदि रहे।



जनाजे में शामिल लोग।

## बदायूं डायरी

### दुर्गा वाहिनी की बैठक में हुई प्रखंड संयोजनाओं की घोषणा

**बदायूं, अमृत विचार :** दुर्गा वाहिनी की बैठक दातागंज में समाजसेविका सोनी गुप्ता के निवास पर आयोजित की गई। जिसमें महाशक्ति दुर्गा वाहिनी प्रखंड पालक जिला उपाध्यक्ष महेशा सिंह, जिला मातृशक्ति संयोजिका डॉक्टर प्रतिभा गुप्ता, जिला मंत्री विनय प्रताप सिंह, विभाग संगठन मंत्री योगेश पाठक मौजूद रहे। बैठक में दातागंज प्रखंड की मातृ शक्ति एवं दुर्गा वाहिनी प्रखण्ड संयोजनाओं की घोषणा की गई। जिसमें दातागंज प्रखंड में मातृशक्ति संयोजिका चंचल देवी को बनाया गया, एवं मातृशक्ति सहसंयोजक के रूप में सोनम गुप्ता की घोषणा की गई। वहीं दुर्गा वाहिनी प्रखंड संयोजिका लक्ष्मी देवी, प्रखण्ड सहसंयोजक दुर्गा वाहिनी रति गुप्ता को बनाया गया। कॉलेज विद्यार्थी प्रमुख कुंवारी आयुषी को बनाया गया जिला मंत्री विनय प्रताप सिंह द्वारा उक्त नामों की घोषणा की गई ।





### गुरुदेव शर्मा बने अनुदेशक संघ के वजीरगंज ब्लॉक अध्यक्ष

**वजीरगंज,अमृत विचार :** मंगलवार को परिषदीय अनुदेशक कल्याण संघ वजीरगंज की लाक कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष गुरुदेव शर्मा को नामित किया गया। इनके अलावा, ब्लॉक महामंत्री अजय कुमार,कोषाध्यक्ष दुर्गपाल, उपाध्यक्ष रघुनंदन, सचिव प्रतिभा शंखधार तथा मीडिया प्रभारी पदों पर नीरज कुमार वर्मा को चुना गया। प्रदेश महासचिव एवं जिलाध्यक्ष प्रतीक दुबे ने लाक कार्यकारिणी गठित कर सभी पदाधिकारियों को फूल माला तथा मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर लालता प्रसाद, राजू आजाद, प्रहलाद सिंह, चांदनी, प्रभा गौतम, निधि राठौर, शालिनी सिंह, नेहा, आशा आदि उपस्थित रहे।



### तीन दिवसीय मेले का आरंभ

**विजय नगला, अमृत विचार :** प्राचीन शिव मंदिर पर हर वर्ष की तरह इस बार भी चैत माह की शिव तेरस पर तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया गया है। मंगलवार को मेले का उद्घाटन सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने फीता काटकर किया। सदर विधानसभा क्षेत्र के गांव सिकरोड़ी में सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने तीन दिवसीय मेले का उद्घाटन फीता काटकर किया। मेले में शिव पार्वती नाटक का मंचन किया गया। मेले का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया जा रहा है। मेले में मनमोहक झांकियां निकाली गई, जिसमें राधा कृष्ण की झांकी, सीता राम की झांकी निकाली गयी। उसके बाद शिव पार्वती लीला का मंचन किया गया। बुधवार को दंगल का आयोजन किया जाएगा जिसमें दूसरे जनपदों के पहलवान भी हिस्सा लेंगे। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख पति अनेक पाल सिंह, पूर्व डीसीबी अध्यक्ष उमेश सिंह राठौड़, पूर्व प्रधान सोनपाल सिंह, धर्मवीर सिंह आदि रहे।

### डायट में संपन्न हुई जिला स्तरीय त्रैमासिक शिक्षक संकुल की बैठक

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में चल रही जिला स्तरीय त्रैमासिक शिक्षक संकुल बैठक संपन्न हुई। जिसमें जनपद के 137 न्याय पंचायत के 685 शिक्षक संकुल उपस्थित रहे। डॉ अमित शर्मा ने मुख्य बिंदुओ पर चर्चा की। उनके द्वारा शिक्षकों को सैद्धांतिक, वैचारिक व्यवहार, इको क्लब नोटिफिकेशन ऑनलाइन, खाद्यान्न कब तक का, कन्वर्जन कास्ट, आईसीटी लैब स्थापित को लेकर शिक्षकों के साथ चर्चा की। सुधा मिश्रा ने प्री-प्राइमरी की कक्षा संचालन को लेकर प्रकाश डाला। बैठक में कामिनी रानी, जमीर अहमद, राजेश कुमार राजू, मोहम्मद नवेद, सुभाष कुमार सागर, निहाल उद्दीन, परमवीर दीवला, जितेंद्र कुमार सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।



## हर्षित के परिजनों को मिलेगा शस्त्र लाइसेंस

**पीलीभीत, अमृत विचार :** बदायूं के एचपीसीएल प्लांट में हुए दोहरे हत्याकांड के बाद जिला प्रशासन ने एचसीपीएल के सहायक मुख्य प्रबंधक हर्षित मिश्रा के परिवार की सुरक्षा को लेकर कदम उठाया है। डीएम ने शस्त्र लाइसेंस देने की प्रक्रिया शुरू कराई है। हर्षित मिश्रा पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लाइनपार साहूकारा के रहने वाले थे। इस वारदात के बाद मृतक हर्षित मिश्रा के परिजनों में दहशत है। इसी को देखते हुए डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने हर्षित के परिवार को शस्त्र लाइसेंस देने की संस्तुति की है। प्रशासन की ओर से आवेदन पत्र पूरनपुर स्थित उनके आवास पर भिजवाया गया, जहां मंगलवार को नायब तहसीलदार ने पहुंचकर पिता और पत्नी से मुलाकात कर आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कराई।

## प्रधानी के कार्यों की जांच कराएगा प्रशासन

**दातागंज, अमृत विचार :** गांव सैंजनी में आरोपी और उसके परिवार का एकक्षत्र राज चलता था। हत्याकांड के बाद पुलिस ने उसके और उसके पूरे परिवार के रसूख को खत्म करने की तैयारी की है। पुलिस ने बुलडोजर की कार्रवाई के अलावा तालाब से कब्जा हटवाया। बिजली का ओवरलोड मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कराई। अब उसके परिवार के प्रधानी के कार्यकाल में हुए विकास की धनराशि और आवासों की भी बुधवार को जांच कराई जाएगी। मंगलवार को 11 दुकानों और एक मकान पर बुलडोजर चलाने के अलावा प्रशासन ने आरोपी और उसके चाचा समेत छह अन्य ग्रामीणों द्वारा 22 बीघा तालाब पर किया गया कब्जा हटवाया। उस जमीन को जोत कर खाली कराया गया है। आरोपी के परिवार वालों की 24 दुकानों को भी सीज किया गया है। वहीं प्रशासन ने हत्याकांड के मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह और उसके परिवार के दो लोगों के घर की बिजली चेकिंग कराई। जिसमें आरोपी और उसके चाचा राकेश सिंह के यहां बिजली का क्षमता से ज्यादा लोड पाए जाने पर दोनों के खिलाफ थाना मूसाझाग में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

# प्लांट में भेदिए... ऑपरेटर-ड्राइवर ने मरवा दिए अफसर

## बर्चस्व स्थापित करने को रचा खूनी षड्यंत्र, धर्मेन्द्र ने हमलावर को दी थी भागने को गाड़ी, मुनेन्द्र ने स्टाफ बताकर खुलवाया था गेट

प्लांट में




**कार्यालय संवाददाता**

**अमृत विचार :** हिन्दुस्तान पेट्रोलियम प्लांट में उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता और सहायक प्रबंधक हर्षित मिश्रा हत्याकांड को अंजाम अकेले हमलावर अजय प्रताप सिंह ने नहीं दिया था। संयत्र के अंदर दो ऐसे 'विभीषण' छिपे निकले हैं, जिन्होंने खून-खराबा करने में उसका पूरा साथ निभाया था। खूनी तिकड़ी ने पहले बाहर बैठकर षड्यंत्र का पूरा ताना-बाना बुना। प्लांट के बुलेरो ड्राइवर धर्मेन्द्र यादव ने अजय को प्लांट में दाखिल होने के लिए गाड़ी दी थी और प्लांट के गैस किट ऑपरेटर मुनेन्द्र विक्रम सिंह ने स्टाफ बताकर गेट खुलवाया था। बाकी का काम सनकी हमलावर अजय सिंह ने खुद पूरा कियाथा। पूरे प्रदेश को हिला देने वाले सनसनीखेज गोलीकांड में शामिल मुनेन्द्र-धर्मेन्द्र भी सलाखों के पीछे पहुंच गए हैं।

पुलिस के अनुसार, प्लांट का पूर्व कर्मचारी सैंजनी निवासी अजय प्रताप सिंह और उसके साथी दातागंज क्षेत्र के गांव कांसपुर निवासी धर्मेंद्र यादव पुत्र रामचंद्र यादव और गांव बिहारीपुर अजब निवासी मुनेंद्र विक्रम सिंह पुत्र बृज किशोर जानते थे कि गोलीकांड के बाद बाहर निकलना आसान नहीं होगा, इसके लिए उन्होंने सेफ प्लान बनाकर वारदात की थी। अंदर दाखिल होने और हत्याकांड कर बाहर निकलने के लिए प्लांट के कर्मचारियों को ले जाने वाली गाड़ी का ही इस्तेमाल किया गया। हमेशा की तरह गाड़ी धर्मेन्द्र यादव चलाकर आया था। मुनेन्द्र भी साथ था। दोनों ने हमलावर अजय सिंह को गाड़ी में पीछे छिपा रखा था।

प्लांट के गेट पर पहुंचने के बाद ऑपरेटर मुनेन्द्र नीचे उतर गया और स्टाफ बताकर सुरक्षाकर्मियों से गेट खुलवाया था। वह गेट के बाहर ही रह गया, जबकि धर्मेन्द्र गाड़ी में अजय सिंह को लेकर गाड़ी से अंदर चला गया। बुलेरो की चाबी ड्राइवर ने उसमें ही लगी छोड़ दी और खुद वहां से हट गया। इसके बाद अजय उतरा और दोनों अफसरों की गोली मारकर हत्या कर दी। फिर गाड़ी से भाग निकला।

तब तक मुनेंद्र विक्रम सिंह गेट के पास खड़े होकर हालात की निगरानी करता रहा। प्लांट में डबल मर्डर के बाद अजय गाड़ी लेकर सीधे थाने गया था और पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया था। गिरफ्तारी के बाद मुनेन्द्र विक्रम सिंह और धर्मेन्द्र यादव ने पुलिस को बताया कि है कि वह तीनों दोस्त गहरे थे और प्लांट पर पूरी तरह से अपना वर्चस्व जमाना चाहते थे। डीजीएम सुधीर गुप्ता और एएम हर्षित मिश्रा उनके रास्ते में सबसे बड़ा अवरोध बन रहे थे, इसलिए रास्ते से हटा दिया। घटना से समय पहले तीनों की फोन पर बात भी हुई थी। जांच में इसके प्रमाण भी पुलिस के हाथ लग गए हैं। सटीक सूचना पर इंस्पेक्टर मूसाझाग वीरेन्द्र तोमर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गंगा एक्सप्रेस वे से बिनावर जाने वाले सर्विस मार्ग पर दोनों को दबोच लिया।

**अवैध दुकानों से मोटा किराया लेता था अजय**

प्रशासन ने आरोपी और उसके परिवार के लोगों की अवैध रूप से सैंजनी-हजरतपुर-म्याऊं मार्ग पर बनाए गए भवन चिह्नित कर कार्रवाई शुरू की है, तो हड़कंप मचा है। आरोपी व उसके परिवार के लोगों ने फर्जी कागजों के जरिए सरकारी जमीन पर कब्जा करके दुकानें बनवा ली थीं। दुकानों का मोटा किराया वे लोग लेते आ रहे थे। सुबह एसडीएम दातागंज धर्मेंद्र कुमार दो जेसीबी और पुलिस-पीएसी के साथ गांव सैंजनी पहुंचे तो वहां भीड़ जुट गई। पुलिस ने पहल आवागमन रुकवाया। कहीं बैरिकेडिंग की गई तो कहीं अधिकारियों की गाड़ियों से रास्ता रोका गया। इसके बाद ऑपरेशन 11 चलाकर अवैध दुकानें व मकान मिट्टी में मिला दिए गए। बताया गया है कि आगे हमलावर के परिवार की 52 और दुकानों पर भी ऐसी कार्रवाई देखने को मिल सकती है। फिलहाल प्रशासन ने सरकारी बंजर जमीन पर कब्जा कर बनाई गईं बाकी की दुकानें भी खाली कराकर सील कर दी हैं।

**हमलावर के घर में हो रही थी बिजली चोरी :** हमलावर अजय सिंह के घर पर चोरी से बिजली उपयोग का खुलासा भी जांच में हुआ है। बताया गया है कि कि आरोपी और उसके परिवार का साम्राज्य आधे गांव में फैला है। उसके घर में बिजली का अवैध कनेक्शन भी मिला है। जिसे लेकर रिपोर्ट दर्ज करने की तैयारी है।



पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी का साथ देने के दोनों आरोपी। • अमृत विचार

- **प्लांट का बुलेरो ड्राइवर व गैस किट ऑपरेटर पकड़े गए**
- **पुलिस जांच में बेनकाब हुई शातिर दबंगों की खूनी साजिश**

> अतिक्रमण चिन्हित करके नोटिस जारी किए गए थे। अतिक्रमण खुद हटाने के लिए समय भी दिया गया था। दो दिन पहले दुकानें खाली करा ली गई थीं। मंगलवार को अवैध रूप से बनाई दुकानें ध्वस्त की गई हैं। जांच में पता चला है कि आरोपी ने बंजर जमीन पर भी दुकानें बनवाई हैं। जिन्हें खाली कराकर सीज कर दिया गया है। इसमें धारा 67 की कार्रवाई करनी पड़ती है। मुकदमा दर्ज किया जाएगा। आदेश के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
>
> – **धर्मेंद्र कुमार**, एसडीएम दातागंज

### विधायक बोले, घटना को भ्रामक रूप देने का प्रयास कर रहे विपक्षी



**बदायूं।** प्लांट में दोहरे हत्याकांड को लेकर दातागंज से भाजपा विधायक राजीव कुमार सिंह बयान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि कुछ विपक्षी इस दुखद घटना को जाति के नाम पर भ्रामक रूप से पेश करने का प्रयास कर रहे हैं, जो अत्यंत निंदनीय है। ऐसे संवेदनशील परिस्थिति में भी राजनीति स्वार्थ साधना पूरी तरह से अनुचित है। विधायक ने कहा कि सरकार की नीति स्पष्ट है कि अपराधी चाहे किसी भी जाति या धर्म का हो, वो सिर्फ अपराधी होता है। उसे किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाता। इस घटना में सरकार ने मुख्य आरोपी के खिलाफ त्वरित- कठोर कार्रवाई की है। निष्पक्ष जांच को एसआईटी का गठन भी किया गया है। जो दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश सरकार की अपराध एवं आरोपियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के तहत बुलडोजर की कार्रवाई अमल में लाई गई है। भाजपा व क्षेत्र के लोग शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़े हैं। विधायक ने दिवंगतों की आत्मा की शांति की कामना करते हुए आश्वस्त किया कि पीड़ित परिवारों को पूरा न्याय दिलाया जाएगा।

### सीओ राहुल पांडे को दातागंज की कमान, केके तिवारी से चार्ज हटा

**कार्यालय संवाददाता, बदायू अमृत विचार :** एचपीसीएल प्लांट में गोलीकांड के बाद एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह और सीओ उझानी डॉ. देवेंद्र कुमार के तबादले के बाद जिले में तीन क्षेत्राधिकारियों के तैनाती स्थल भी बदल दिए गए हैं। लखनऊ से ट्रांसफर पर बदायू पहुंचे राहुल पांडे को एसएसपी अंकिता शर्मा ने दातागंज सर्किल की कमान सोंपी है। सीओ केके तिवारी से दातागंज का चार्ज हटा लिया गया है। सीओ रजनीश कुमार उपाध्याय के पास सिटी का ही चार्ज रहेगा। वह सदर कोतवाली, सिविल लाइन, बिनावर, कुंवरगांव, महिला व साइबर थाने की मॉनीटरिंग करेंगे और सीओ लाइन व यातायात की जिम्मेदारी संभालने के साथ उझानी के लिंक अफसर भी रहेंगे। बिल्सी सीओ सुनील कुमार सिंह को उझानी सर्किल में तैनाती दी गई है, जो अब कोतवाली उझानी, कादरचौक, उसहैत, मूसाझाग की व्यवस्था का पर्यवेक्षण करेंगे। उन्हें दातागंज का लिंक अधिकारी बनाया गया है। दातागंज सीओ केके तिवारी को अब बिल्सी का सीओ बनाया गया है। वह बिल्सी, इस्लामनगर, उघैती क्षेत्र में कानून, अपराध स्थिति का पर्यवेक्षण करेंगे। उन्हें बिसौली के लिंक अधिकारी बनाया गया है। स्थानांतरित होकर आए सीओ राहुल पांडेय दातागंज के सीओ बने हैं। वह दातागंज, अलापुर, हजरतपुर, उसावां क्षेत्र की अपराध व कानून व्यवस्था संभालेंगे। वह सीओ नगर के लिंक अधिकारी भी बने हैं।



एसएसपी अंकिता शर्मा।

# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बीसलपुर, पीलीभीत

पत्रांक : 2082/आंकिक/गौवंश–भरण पोषण/भूसा क्रय/निविदा/2025–26 दिनांक : 16.03.2026

## निविदा सूचना

जिलाधिकारी पीलीभीत के कार्यालय आदेश संख्या–1885/गौशाला/2025–2026 दिनांक 24.02.2026 के क्रम में गौ–आश्रय स्थलों में गोवंश संरक्षित है। उक्त संरक्षित गौवंशों के समुचित भरण–पोषण हेतु गौ–आश्रय स्थलों में भूसा, साइलेस, हरा चारा तथा संतुलित पशु आहार की निरंतर एवं पर्याप्त उपलब्धता हेतु टेण्डर को निर्धारित समयावधि में निष्पादित किये जाने के निर्देश दिये गये है। शासनादेशों में निहित टेण्डर के प्राविधानों के साथ–साथ निम्न शर्तो का भी अनुपालन किया जाये।

उक्त निर्देशों के क्रम में विकास खण्ड बीसलपुर की ग्राम पंचायतों में संचालित 09 स्थायी/अस्थायी गौशालायें संचालित है। गोवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित गौवंशों को भरण पोषण हेतु वर्ष 2026–27 के लिए भूसा, साइलेस, हरा चारा तथा संतुलित पशु आहार की दर निर्धारित किये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा फार्म की बिक्री दिनांक 30.03.2026 की सायं 5:00 बजे तक शासकीय कार्य दिवसों में विकास खण्ड कार्यालय से की जायेगी, जोकि दिनांक 31.03.2026 को विकास खण्ड कार्यालय में खोली जायेगी, जिसमें न्यूनतम दर की निविदा स्वीकार की जायेगी। विकास खण्ड में संचालित गौशालाओं का विवरण निम्न प्रकार है :–

| क्र.सं. | गौवंश आश्रय स्थल का नाम | संरक्षित पशुओं की संख्या | प्रतिमाह आवश्यक भूसा, साइलेस, हरा चारा तथा संतुलित पशु आहार की मात्रा (कुन्टल में) |
|---|---|---|---|
| 1. | बिहारीपुर कुमिरखा | 65 | मांग के अनुसार |
| 2. | उगनपुर मरौरी | 75 | मांग के अनुसार |
| 3. | इमलिया मरौरी | 40 | मांग के अनुसार |
| 4. | कितनापुर | 99 | मांग के अनुसार |
| 5. | राजूपुर कुण्डरी | 189 | मांग के अनुसार |
| 6. | नगीपुर अखौला | 65 | मांग के अनुसार |
| 7. | सायर | 126 | मांग के अनुसार |
| 8. | शहबाजपुर (रढैता) | 118 | मांग के अनुसार |
| 9. | खनका उचसिया | 137 | मांग के अनुसार |

**भूसा, साइलेस, हरा चारा तथा संतुलित पशु आहार क्रय की शर्तें निम्न प्रकार है:–**

1. शासनादेश संख्या–2145/37–2–2024–5(53)/2018–टीसी–3 दिनांक 22.10.2024 के माध्यम से गौ–आश्रय स्थलों में संरक्षित गौवंशो हेतु रू. 50/– गौवंश प्रतिदिन निर्धारित की गई है। उक्त धनराशि से गौवंश को संतुलित मात्रा में भूसा, साइलेस, हरा चारा तथा संतुलित पशु आहार उपलब्ध कराया जाना है।
2. शासनादेश सं.–2275/37–2–2023–5(53)/2018–टी.सी.–3 दिनांक 20.09.2023 के प्रस्तर–4 के क्रम में प्रत्येक गोवंश को निर्धारित रू. 50/– की सीमान्तर्गत 03 किलो भूसा (रू. 7–8 प्रति किलो), 5 किलो हरा चारा (रू. 02.50–03.00 प्रति कि.), 500 ग्राम पशु आहार (रू. 21–22 प्रति कि.) आहार में दिया जा सकता है अथवा हरे चारे की अनुपलब्धता होने पर 03 कि. साइलेस (रू. 8.00 प्रति कि.) 05 किलो भूसा (रू. 7–8 प्रति कि.), 500 ग्राम पशु आहार (रू. 21–22 प्रति कि.) आहार में दिया जा सकता है।
3. प्रमुख सचिव महोदय, उ.प्र. शासन के पत्र संख्या शासनादेश सं.–1807–सैंतीस–2–2025–5–(53)/2018 टी.सी.–6 दिनांक 11.11.2025, शासनादेश सं.–1844–सैंतीस–2–2025–5–(53)/2018 टी.सी.–3 दिनांक 14.11.2025 एवं निदेशक प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग, उ.प्र. लखनऊ कार्यालय के पत्रांक 4341/सा.–2/588/2025,26 दिनांक 20 जनवरी 2026 के द्वारा निर्देशों के अनुक्रम में विकास खण्ड बीसलपुर की निम्नवत शर्तो के अधीन भूसा, साइलेस, हरा चारा तथा संतुलित पशु आहार क्रय की दरों के निर्धारण हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 16.03.2026 से दिनांक 30.03.2026 तक उपलब्ध रहेगी।

1. भूसा, साइलेस हरा चारा तथा संतुलित पशु आहार क्रय प्राप्त/अनुभव दरों से न्यूनतम दर पर गौशालायें भूसा, साइलेस, हरा चारा तथा संतुलित पशु आहार क्रय हेतु स्वतंत्र होगी।
2. निविदादाता की फर्म का जी.एस.टी. आयकर एवं पेन कार्ड/आधार कार्ड संलग्न करना अनिवार्य है साथ ही निविदा में 2 वर्ष का आयकर विवरण संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. निविदादाता की फर्म के नाम कम से कम 10,00,000.00 (दस लाख रूपये) का हैसियत प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. निविदा में प्रतिभाग करने वाले आवेदक जिलाधिकारी/सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. निविदादाता को राजकीय विभाग/निगम में गौवंश में खाद्यान्न आपूर्ति का कार्य आदेश एवं 1 वर्ष का कुशलतापूर्वक न्यूनतम 5000 कुन्टल भूसा आपूर्ति का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
6. सेवा प्रदाता द्वारा ई.एम.डी./एफ.डी.आर. के रूप में 25000.00 रू. का बैंक ड्राफ्ट खण्ड विकास अधिकारी बीसलपुर पीलीभीत के पक्ष में बनवाकर जमा किया जाना होगा। सेवा प्रदाता फर्म द्वारा जमानत की धनराशि तथा शासकीय नियमों के अनुसार देय होगी। भूसा, साइलेस, हरा चारा तथा संतुलित पशु आहार की आपूर्ति हेतु सम्भावित अनुमानित मात्रा दर्शायी गयी है जो घट बढ सकती है।
7. प्रत्येक माह के लिये सम्भावित आवश्यक भूसा, साइलेस, हरा चारा तथा संतुलित पशु आहार की मात्रा आपूर्ति पूर्वामाह की 25 तारीख तक प्रत्येक दशा में करनी होगी।
8. सेवा प्रदाता फर्म की दरें एफ.ओ.आर. विकास खण्ड बीसलपुर की गौशालाओं तक (गोदाम के अन्दर तक पहुंचाने की होनी चाहिए) एवं और गौशालाओं के खुलने की स्थिति में भूसा, साइलेस, हरा चारा तथा संतुलित पशु आहार की मात्रा बढाई जा सकती है।
9. सेवा प्रदाता फर्म द्वारा भूसा साइलेस, हरा चारा तथा संतुलित पशु आहार की आपूर्ति 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक मान्य होगी। सेवा प्रदाता का कार्य संतोषजनक होने पर निर्धारित तिथि तक आपूर्ति मान्य होगी।
10. सेवा प्रदाता फर्मो के माध्यम से प्राप्त हुई न्यूनतम दरों पर क्रय समिति के द्वारा विचार करने के उपरान्त न्यूनतम दरें स्वीकृत होंगी। निविदा खोलने के बाद दरों का निगोशिएशन आवश्यकता पड़ने पर किया जा सकता है।
11. गौवंश आश्रय स्थलों (स्थाई/अस्थाई/वृहद, गौवंश आश्रय स्थलों) में संरक्षित गौवंश की उदर पूर्ति हेतु उच्च/उच्चतम कोटि का गेहूँ का भूसा, साइलेस, हरा चारा तथा संतुलित पशु आहार की आपूर्ति स्थलों डिपो पर धर्मकांटे की तौल पर देना होगा।
12. सेवा प्रदाता के पास वित्तीय वर्ष के अन्त तक भूसा, साइलेस, हरा चारा तथा संतुलित पशु आहार आपूर्ति हेतु पर्याप्त भूसा, साइलेस, हरा चारा तथा संतुलित पशु आहार का स्टाक होना चाहिए। गौवंशीय पशुओं के भरण–पोषण हेतु पशु आहार की पर्याप्त उपलब्धता वर्ष पर्यन्त बनी रहनी चाहिए।
13. क्रय समिति को यह अधिकार होगा कि बिना कारण बताये एक अथवा समस्त निविदायें निरस्त कर दें। किसी भी वाद हेतु न्याय क्षेत्र जनपद–पीलीभीत होगा।
14. सेवा प्रदाता फर्म को 100– रू. के स्टाम्प पर ब्लैक लिस्ट सूची में न होने के शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।
15. अनुबन्ध पत्र पर होने वाला समस्त व्यय सेवा प्रदाता द्वारा स्वयं वहन किया जायेगा।
16. सेवा प्रदाता को नियमों/शर्तो का पालन करना अनिवार्य होगा।
17. चूंकि गौशालाएं ग्राम पंचायतों द्वारा संचालित की जा रही है तथा ग्राम पंचायतों के मांग के क्रम में ही मांग के अनुसार की आपूर्ति की जायेगी, तथा क्रय किये गये भूसा, साइलेस, हरा चारा तथा संतुलित पशु आहार का भुगतान भी ग्राम पंचायतें ही करेगी। किसी भी दशा में भुगतान हेतु खण्ड विकास अधिकारी, बीसलपुर एवं पशु चिकित्साधिकारी, बीसलपुर पीलीभीत उत्तरदायी नहीं होंगे। इस सम्बन्ध में कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। उपरोक्त प्रक्रिया केवल भूसा, साइलेस, हरा चारा तथा संतुलित पशु आहार दरों के निर्धारण हेतु की जा रही है।

**पशु चिकित्साधिकारी**
**बीसलपुर, पीलीभीत**

**खण्ड विकास अधिकारी**
**बीसलपुर, पीलीभीत**

# परिवार बोला, सीबीआई जांच से ही खुलेंगे राज

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** दोहरे हत्याकांड में मृत हर्षित मिश्रा के परिजनों ने डीएम अवनीश राय और एसएसपी अंकिता शर्मा से मुलाकात की। अधिकारियों से तकरीबन डेढ़ घंटे तक बात की और बाहर आ गए। मृतक हर्षित की मां रीना मिश्रा के आंसू नहीं रुक रहे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डीएम और एसएसपी पर भरोसा जताया। कहा कि उन्हें योगी जी पूरा भरोसा है लेकिन एसआईटी नहीं सीबीआई जांच होनी चाहिए।

**पता होता बेटे की हत्या हो जाएगी तो उसे बदायूं न भेजते**

डीएम और एसएसपी से बात करके सहायक मुख्य प्रबंधक हर्षित मिश्रा के पिता सुशील मिश्रा ने बताया कि जवान बेटे को खोने का बहुत दुख है। अधिकारियों से मिलकर न्याय मांगा है। एसआईटी जांच हो रही है। योगी जी का यह सम्मान स्वीकार है लेकिन इससे संतुष्ट नहीं हैं। हत्याकांड की सीबीआई जांच होनी चाहिए। दोषी अधिकारियों को फांसी की सजा मिले। हत्याकांड में खाकी और पॉलिटिकल कमी रही है। खाकी चाहती तो हत्या से बचा जा सकता था। सीओ डॉ. देवेंद्र कुमार ने 15 दिन पहले इंटरनल रिपोर्ट दी थी। कहा था कि मामले में कार्रवाई करें। वर्ना कुछ भी हो सकता है। फिर भी बेटे की हत्या हो गई। अगर मालूम होता कि बेटे की हत्या हो जाएगी तो उसे बदायूं कभी नहीं भेजते।

**आराम से घूम रहे हैं हत्याकांड के मास्टरमाइंड**

सहायक मुख्य प्रबंधक की मां रानी मिश्रा ने कहा कि बेटे की निर्मम हत्या हुई है। सीबीआई से निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। प्लांट के सीसीटीवी कैमरे दिखवाए जाएं। योगी जी के राज मं एनकाउंटर बहुत जल्दी हो जाते हैं। बुलडोजर चलता है। आज आरोपी की दुकानें टूट रही हैं। हत्याकांड के मास्टरमाइंड आराम से घूम रहे हैं। आरोपियों का वैसा ही अंत चाहते हैं जैसा योगी के राज में होता आया है। पत्नी सुमति ने कहा कि डीएम और एसएसपी मैडम ने न्याया का भरोसा दिया है। पूरा विश्वास है कि योगी जी, डीएम और एसएसपी उन्हें न्याय दिलाएंगे।

**न्याय नहीं मिला तो खुद कर लेंगे न्याय:** उनके मामा विकास मिश्रा ने भी हत्याकांड की सीबीआई जांच हो तभी भरोसा होगा। बताया कि हर्षित मिश्रा ने आईएएस की प्री और मेन्स की परीक्षा दी थी। वह बहुत होनहार थे। उन्होंने पुलिस से अपनी जान का खतरा बताया था। हत्यारोपी की प्लांट की गेट पर तैनाती थी। बिना मिलीभगत के गाड़ी प्लांट में कैसे चली जाएगी। पूछा कि योगी जी, क्या ब्राह्मण होना पाप है। सही राजा ठाकुर-ब्राह्मण कोई भी हो न्याय करते हैं। कहा कि वह आरएसएस से हैं और एक स्कूल में प्रधानाचार्य हैं। आरएसएस समरसता का भाव सिखाता है। न्याय नहीं मिला तो वह खुद न्याय कर लेंगे।

**साथ आई पीलीभीत पुलिस की गाड़ी :** शोकाकुल परिवार अधिकारियों से मिलने के लिए बदायूं आया तो पीलीभीत से पुलिस की गाड़ी साथ आई। बदायूं की सीमा से प्रवेश करने पर बिनावर पुलिस सुरक्षा में जुटी रहीं।



सीबीआई जांच की मांग करतीं मृतक के मां और पत्नी। • अमृत विचार



जानकारी देते मृतक के पिता।

> एचपीसीएल प्लांट पर 12 मार्च को डबल मर्डर की घटना हुई थी। जिसमें मुख्य अभियुक्त अजय प्रताप को पहले ही गिरफ्तार करके जेल भेजा जा चुका है। अब तक की विवेचना में यह तथ्य सामने आए हैं कि दो और लोग धर्मेंद्र और मुनेंद्र विक्रम भी घटना में शामिल थे। दोनों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। आगे की जांच की जा रही है। – **अंकिता शर्मा**, एसएसपी।

# उपवास पर बैठे कांग्रेसी, न्याय दिलाने को पीएम को भेजा ज्ञापन

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** एचपीसीएल के सैंजनी गैस प्लांट के उपमहाप्रबंधक सुधीर गुप्ता व सहायक प्रबंधक हर्षित मिश्रा हत्याकांड के विरोध में सीबीआई जांच और न्याय की मांग को लेकर मंगलवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने अम्बेडकर पार्क में उपवास किया। बाद में प्रधान मंत्री के नाम ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।

सैंजनी के हिन्दुस्तान पेट्रोलियम गैस प्लांट में उपमहाप्रबंधक सुधीर गुप्ता व सहायक प्रबंधक हर्षित मिश्रा हत्याकांड की सीबीआई जांच कराने और न्याय के लिए कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव मंगलवार को अंबेडकर पार्क में उपवास पर बैठे। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट सुरेश पाल को सौंपा। ज्ञापन में हत्याकांड की सीबीआई जांच कराने, पीड़ित परिवारों को एक एक करोड़ का मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की मांग की गई। जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि कांग्रेस न्याय के लिए अंतिम दम तक पीड़ितों के साथ खड़ी है। हत्याकांड में मारे गए हर्षित मिश्रा के परिजनों ने स्थानीय भाजपा नेताओं और पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजन मामले की सीबीआई जांच चाहते हैं इसलिए सीबीआई से जांच कराई जाए। कहा कि योगी सरकार को पता है कि इस हत्याकांड में भाजपा से जुड़े लोग शामिल हैं, इसलिए सरकार मामले पर लीपापोती करने में लगी है। योगी सरकार द्वारा एसआईटी का गठन भी भाजपाइयों को बचाने का एक प्रयास है। इसलिए सरकार विपक्ष की आवाज को पुलिस के बल पर दबा रही है। सैंजनी में उपवास पर नहीं बैठने दिया गया। दातागंज तहसील प्रांगण में भी सत्याग्रह नहीं करने दिया गया। उन्होंने कहा कि न्याय के लिए कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा। उपवास पर जिला उपाध्यक्ष दीपक मिश्रा, जिला प्रवक्ता प्रदीप सिंह, जिला महासचिव अकरम खान, जिला सचिव राजीव पटेल, यूथ फॉर इंडिया के जिला कोऑर्डिनेटर ओमवीर दद्दा, दातागंज यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष विजय बहादुर, विचार विभाग के इकरार अली, समरेर यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक यादव, आदि मौजूद रहे।



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते अजीत यादव। • अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 12.03.2026 को घर से चौक बाजार फोटोस्टेट कराने जाते समय रास्ते में मेरी हाईस्कूल, इण्टर व स्नातक (बी.बी.ए.) की मार्कशीट, प्रमाण पत्र व डिग्री गिर गये है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिले है। **मो. काशिफ पुत्र राजू निवासी मोहल्ला अशरफ खां पीलीभीत।**

### सूचना

मैंने अपनी पुत्रवधु निकिता राठौर को उसके गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में वह अपने कृत्यों की स्वयं जिम्मेदार होगी। **भानमती देवी पत्नी प्यारे लाल निवासी 32, पीलीभीत बाईपास रोड नवादा शेखान, चन्द्र गुप्ता पुरम जिला बरेली।**

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र अंश भारद्वाज का हाईस्कूल की अंकतालिका अनुक्रमांक 1240760499 वर्ष 2024 फरीदपुर रास्ते में कहीं खो गई है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिली है। **खुशबू शर्मा पत्नी विकास शर्मा नि. ग्राम व पोस्ट रजऊपरसपुर तहसील फरीदपुर जिला बरेली।**

**वैधानिक सूचना :–** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

